पुस्तक मंगवाने वालोको सूचना.

विकानेर निवासी श्रीयुत शेठ बहादरमल अभयराज कोचरकें तरफसे ज्ञानखातेमें लगानेके लिये आयेले एकसो रुपीये पालीताणासे सद्गुणानुरागी मुनिराज श्री कर्पूरविजयजी महाराज साहेबने हमको यहा भेजवाये इस लिये यह पुस्तक मे की ५०० प्रतिको उपरके टायटल पेज पर बिकानेरवाले शेठ बहादरमल अभयराजका नाम प्रकाशक तरीके छपवाया है और वो पुस्तको माहाराजश्रीके सूचनानु सार टायटल पेजके पीछले पेज पर छपे हुए चार जगो पर भेट देनेके लिये रखी है. सो खपी जनोने वहासे मंगवा लेना.

इस पुस्तककी एक हजार प्रति बाइडिंग नही करवाते छुटे फरमे वैसेही रखे है. सो इसी तरह और कोइ सज्जनोकुं यह पुस्तक भेट देनेकी इच्छा होवे तो उनोने एकसो रुपीये हमकु भेजनसे उन्होके लीखने मुजब नाम गाव इस पुस्तककी पाचसो प्रतिके उपरके टायटल पेजपर छपवाकर इसी नमुनेका बाइडिंग करवाके उन्होकी इच्छानु सार भेजी जावेगी. इससे दुसरे नमुनेका या जिल्द बाइडींग करवानेकी इच्छा होवे तो उसका खर्च जादा लगेगा उस बाबत प्रकाशक या सग्राहक कुं पुछपाछ कर लेना.

यह पुस्तक साधु साध्वी और लायेब्रेरी पुस्तकालय आदि सस्थाओको प्रकाशक तरफसेभी भेट देनेकी है सो उसके खपी जनोने एक प्रतिके वास्ते पोष्ट पेकिंग खर्चके लिये दो आनेकी पोष्ट टीकीट भेजकर प्रकाशक के पास से मंगवा लेना.

पुस्तक मंगवानेवालोने किंमत और पोष्ट खर्चकी रकम पोष्ट टीकीट या मनीआर्डरसे प्रथम ही भेजना. व्ही. पी. से मंगवानेमें एक पुस्तककुं पोष्ट खर्चके शिवाय और पाच आने खर्च जादा आता है.

पुस्तकोका सुचीपत्र.

हमारा बुकसेलरका या पुस्तक प्रसिद्ध करनेका धंदा नही है. परंतु हमारे घरके और हमारे मारफत दुसरोके घरके शुभ खातेमें खर्च करनेकी रकममेंसे ज्ञानखातेमें खर्च करनेके इरादेसे आजतक कितनेक पुस्तक शास्त्री (बाळबोध) टाइपमें छपवाइ है. उसमें के जो नमुने हमारे पास आज शिलकमें रहे है उन्होके नाम. और किमत.

क्रम	नाम	मूल्य रुपीये-आने	पोष्ट पेकिंग आने-पाइ
१	चैत्यवंदन स्तुति स्तवनादि संग्रह	०-१०	३ - ०
२	सूक्त मुक्तावळी	१- ०	४ - ०
३	श्रीशत्रुंजय महातिर्थादी यात्रा विचार	०- ६	२ - ६
४	अष्ट प्रकारी तथा स्नात्र पूजा	०- ३	१ - ६
५	जिनेंद्रभक्तिप्रकाश भाग पहेलो	०- ७	३ - ०
६	,, ,, ,, भाग दूसरा	०- ५	२ - ०
७	श्री चिदानदजी कृत पद संग्रह भाग पहेलो	०- ३	१ - ६
८	सद्बोध संग्रह भाग पेहेला	०- ४	२ - ०
९	पौषधादि और उपधान विधि	भेट	२ - ०

इस पुस्तकोमें क्रम १ की प्रति ९. क्रम २ की प्रति १० क्रम ३ की प्रति ८ क्रम ४ की प्रति २२ इतनींही शिलकमें रही है. जादा नही होनेसे खपी जनोने जलदी मंगवा लेना.

पुस्तक बेचके जो रकम आती है उसमें हमारा संसारी स्वार्थ नहीं है. उस रकमसे और पुस्तक छपवानेमें या दुसरे संस्थाओने छपवायेले जादा प्रति प्रचारार्थके लिये मंगवाथे है. पुस्तक मंगवानेवालोने मूल्य और पोष्ट खर्च पहिलेही पोष्ट टीकीट द्वारा या मनीआर्डर द्वारा भेजना. व्ही. पी. से एक पुस्तक मंगवानेमें पोष्ट खर्चके शिवाय और पाच आना खर्च जादा आता है.

वेताळ पेठ, ३५६ पुना सिटी.— शाह शिवनाथ लुंबाजी पोरवाल.

प्रास्ताविक निवेदन.

सूज्ञजनोंको पवित्र ज्ञानामृतपानका लाभ थोडेमें मिले इस हेतुसे अनेक मुनिराज और कविगणोने सूत्रसिद्धान्तोंमेंसे सार निकाल कर भिन्न भिन्न भाषाओंमे ग्रन्थलेखन करते आये है और करवाते है इसी मुजब सद्गुणानुरागी मुनिराज श्री कर्पूरविजयजी महाराजने भी गुजराती भाषामें जैन हितोपदेश, जैन हितबोध आदि कितनेक ग्रंथ लिखे है. ए ग्रन्थ बहुत वरसके पेहेले म्हेसाणाके श्री जैन श्रेयस्कर मण्डल की तरफसे प्रकाशित हुए. इस मंडळने जैन हितबोध और जैन हितोपदेश भाग १ ए ग्रन्थ हिन्दी भाषामें भी मुद्रित किये. लेकिन आज ए किताब मिलते नहीं. ए पुस्तक ऐसे हैं कि जिनमें अध्यात्मिक धर्माचार विषयक तथा व्यवहारनीतिका बहुत कीमती उपदेश एक साथ सीधे साधे भाषामें पढनेको मिल सकता है.

इन पुस्तकोंमेसें कुछ विषय लेकर और अन्यान्य ग्रन्थ पढते हुए हमने जो टिप्पण किये थे वोभी लेकर हमने संवत् १९८८ में 'विविध विषय संग्रह भाग पेहेला' इस नामका ग्रन्थ शास्त्री टाइप और गुजराती भाषामें प्रकाशित किया था. आम जनताको यह किताब बहुत पसन्द आया लेकिन इनकीभी प्रतियॉ अब शिलक नहीं है. परमपूज्य सद्गुणानुरागी मुनिराज श्री कर्पूरविजयजी महाराजके साथ पत्रव्यवहार करके महाराज साहेबकी आज्ञानुसार जैन हितोपदेश भाग पेहेला और जैन हितबोध ये दो हिन्दी भाषाके ग्रन्थोंमेंसे उपयुक्त विषय लेकर हमने प्रकाशित करना शरू किया. इसमें गुजराती भाषामेंके विषय हो तो ग्रन्थ और भी उपयुक्त होगा ऐसा मानकर हमने जैन हितोपदेश भाग २–३ मेंसे कुछ विषय लेकर अन्यान्य ग्रन्थोंमेंसे ली हुई माहिती के साथ यह ग्रन्थ छपाया है. इसमें बोधकारक प्रश्नोत्तर तथा दृष्टान्त कथन और वचनों और पद्यो आदिका कीमती

संग्रह दोनो भाषाओंमें है. इससे यह किताब गुजराती तथा हिन्दी भाषाभाषी स्त्रीपुरुषोंको उपयुक्त होवेंगा.

इस ग्रन्थ के प्रकाशनमें सद्गुणानुरागी मुनिराज श्री कर्पूरविजयजी महाराजने पालीताणासे पत्रव्यवहार के द्वारा बारबार जो सलाह दी है और हमारे मित्र श्रीयुत लक्ष्मण रघुनाथ भिडेजीने भाषा सुधारनेमें तथा प्रूफ करेक्शनमें जो सहाय्यता दी है उस लिये उक्त दोनों सज्जनोंके हम ऋणी है.

जिस प्रमाणसे द्रव्य सहाय्य हो उसी प्रमाणमें ऐसे ग्रन्थोंका कद बढाया जा सकता है. और भी संग्रह हमारे पास है सो उचित सहाय्य मिलनेपर इसका दूसरा भाग भी प्रकाशित किया जायगा.

ग्रन्थमें जो भूल या अशुद्धि नजर आवे सो कृपा करके हमको लिखना जोकि पुनरावृत्तिके समय दुरुस्त की जायगी.

संवत १९९३ वीर संवत २४६३
कार्तिक सुदी ५ (ज्ञान पंचमी)
गुरुवार ता० १९ नवंबर १९३६

नम्राहक
शाह• शिवनाथ लुंबाजी पोरवाल
२५६ वेताल पेठ मु० पुना सिटी.

—:o:—

(अनुक्रमणिका पृष्ट ८ के आगे का अनुसंधान निचे मुजब)

सद्बोध पद्यावली पद ६ नी अनुक्रमणिका.

विषयानुक्रमणिका (हिन्दी विभाग)

१ सर्वज्ञ कथित तत्व रहस्य बावत ६७ पृष्ठ १ से ३६ तक के नाम.

गुजराथी भाषा विभागनी अनुक्रमणिका

(एना आगळनी अनुक्रमणिका पाछळना पान ५ उपर जुवो)

॥ वन्दे श्री वीरमानन्दम् ॥

* सर्वज्ञ कथित तत्व रहस्य *

१ जीवदया (जयणा) हम्मेशा पालनी चाहिये.

चलते, बैठते, उठते, सोते, खाते, पीते या बोलते याने यह हरएक प्रसंगमें प्रमादसे पिराये प्राण जोखममें नहि आ जावे तैसे उपयोग रखकर चलना. सूक्ष्म जंतुओंका जिस्से संहार हो जाय, तैसा खजुरीका झाडु वगैरा कचरा निकालनेके लिये कवीभी वपराशमें नहि लेना. पानीभी छानकर पीना. छाना हुवा जलभी ज्यादा नहि ढोलना. जीवदयाके खातिर रात्रिभोजन नहि करना. कंदमूलभक्षण वर्जित कर देना. जीवदयाके खातिर जहां तहां अग्नि नहि सिलगानेका ध्यानमें रखना; क्योंकि अपने प्राणहीके समान सव जीवोंको अपने अपने प्राण वल्लभ है, तो तिन्हके प्रिय प्राणोंकी कीम्मत बुझकर स्वच्छदपना छोडकर जैसे उनका वचाव हो सके तैसे कार्य करनेमें मथन करना ओर याद रखना कि सर्व अभक्ष्य--मद्य मासादिके भक्षणसे क्षणिक रसकी लालचके लीए असंख्य जीवोंके कीमती जानकी ख्वारी होती है, तिन्हके नाहक संहारसे महान् पाप होनेसे जगत्में महा रोगादि उपद्रव उद्भवते है

तिन्हा भोग हो पडता है और उप्रात–अंतमें नरकादि घोर दुःखके भागीदार होना पडता है.

२ निरंतर इंद्रिय वर्गका दमन करना.

दरेक इंद्रियका पतंगजतु, भौंरा, मत्स्य, हाथी और हिरनकी तराह दुरुपयोग करना छोडकर संत जनोंकी तराह इंद्रियोंका सदुपयोग करके दरेकका सार्थक्य करनेके लीए खंत रखनी चाहिये. एक एक छुट्टी की हुइ इंद्रिय तोफानी घोडेकी तराह मालिकको विषम मार्गमें ले जाकर ख्वार करती है, तो पाचोंको छुट्टी रखनेवाले दीन अनाथ जनका क्या हाल होवे? इसी लिए इंद्रियोंके तावेदार न बनकर उन्होंको वश्यकर स्वकार्य साधनमें उचित रीति मुजब प्रवर्त्तावनी चाहिये. किंपाक तुल्य विषयरस समझकर तिसकी लालच छोडकर संत दर्शन, संत सेवा, सत स्तुति, सत वचन श्रवणादिसे वो इंद्रियोंका सार्थक्य करनेके लिए उद्युक्त रहकर प्रतिदिन स्वहित साधनेको तत्पर रहना उचित है.

३ सत्य वचन ही बोलना.

धर्मका रहस्यभूत ऐसा, अन्यको हितकारी तथा परिमित, जरूर जितनाही भाषण औसर उचित करना, सोही स्वपरको हित कल्याण कारी है. क्रोधादि कषायके परवश होकर वा भयसे या हासीके खातिर अज्ञजन असत्य बोलकर आप अपराधी होते है, सो खास ख्यालमें रखकर तैसे वख्तमें हिम्मत धारण कर यह महान् दोष सेवन नहि करना. सत्यसे युधिष्ठिर, धर्मराजाकी गिनतीमे गिनाये गये, ऐसा जानकर असत्य बोलनेकी या प्रयोजन बिगर वहोत बोलनेकी आदत छोडकर हितमितभाषी बन जाना, किसीको अप्रीति–खेद पैदा होय तैसी बोलनेकी आदत यत्नसे छोड देनी.

४ शील कबीभी छोडना नहि.

ब्रह्मचर्य व्रत या सदाचारके नियमे चाहे वैसे संकटमें भी लोप देनेकी इच्छा नहि करनी. सत्यवंत अपने व्रतोको प्राणोंकी समान गिनते है, और प्राणांत तलक तिन्हकी खडना नहि करते है याने अखंडव्रती रहेते है, सोंही सच्चे शूरवीर कहे जाते है.

५कबीभी कुशील जनके संग निवास करना नहि.

तैसे हलके आचारवालेके साथ रहनेसे 'सोवते असर' यह कहेवत मुजब अपने अच्छे आचारोंको अवश्य धोखा—धक्का पहुचता है और लोकापवादभी आता है इसी लिये लोकापवाद भीरुजनोंको तैसे भ्रष्टाचारीयोंकी सोबत सर्वथा त्याग देनीही योग्य है. सोबत करनेकी चाहना हो तो कल्पवृक्षके समान शीतल छाडंके देनेवाले सत पुरुषकीही सोबत करो, जिस्सें सब संसारका ताप टालकर तुम परम शात रस चाखनेको भाग्यशाली बन सको.

६ गुरुवचन कदापि लोपना नहि.

एकात हितकारी–सत्य–निर्दोष मार्गकोही सदा सेवन करनेवाले और सत्य मार्गको दिखानेवाले सद्गुरुका हित वचन कदापि लोपन करना नहि. किन्तु प्राणात तक तद्वत् वर्तन करनेको प्रयत्न करना यही शास्त्रका साराश है. तैसे सद्गुरुकी आज्ञा पूर्वकही सब धर्म–कर्म–कृत्य सफल है. अन्यथा निष्फल कहा जाता है. इस लिये सदा सद्गुरुका आशय समझकर तद्वत् वर्तनमें उद्युक्त रहेना यही सुविनीत शिष्यका शुद्ध लक्षण है.

७ (अ) चपलता—अजयणासे चलना नहि.

अजयणासे चलनेके सबबसे अनेकशः स्खलना होनेके उपरात अनेक जीवोंका उपघात, और किंचित् अपनाभी घात होनेका

संभव है. इस लिये चपलता छोडकर समतासे चलना, जिस्सें स्वपरकी रक्षापूर्वक आत्माका हित साध सके.

(ब) उद्भट वेष पहेरना नहि.

अति उद्भट वेष—पोषाक धारण करनेसे याने स्वच्छंदपना आदरनेसे लोगोंके भीतर हांसी होती है, इस लिये आमदनी और खर्चा देखकर—तपास कर घटित वेष धारण करना. जिस्की कम आमदानी हो उस्कों जुठा दबदबेवाला पोषाक नहि रखना चाहिये. तथा धनवंत हो उस्को मलीन—फट्टे टूटे हालतवाला पोषाक रखना वोभी बेमुनासीव है.

८ वक्र—विषम दृष्टिसे देखना नहि.

सरल दृष्टिसे देखना, इसमें वहोतसे फायदे समाये है. शंकाशीलता टल जाय, लोगोंमें विश्वास वैठे, लोकापवाद न आने पावे, स्व परहित सुखसे साध सके, ऐसी समदृष्टि रखनी चाहिये. अज्ञानताके जोरसे वाका वोलकर और वाका चलकर जीव वहोत दुःखी होते है; तदपि यह अनादिकी कुचाल सुधार लेनी जीवको मुश्केल पडती है. जिस्की भाग्य दशा जाग्रत हुइ है वा जाग्रत होनेकी हो वोही सीधे रस्ते चल सकता है, ऐसा समझकर धूम्रकी मुठी भरने जैसा मिथ्या प्रयास नहि करते सीधी सडकपर चलकर स्वहित साधन निमित्त सुज्ञ मनुष्यको चूकना नहि चाहिये. ऐसी अच्छी मर्यादा समालकर चलनेसे क्रुधित हुवा दुर्जनभी क्या विरुद्ध वोल सके? कुच्छभी छिद्र नहि देखनेसे किंचित् एडी तेडी वातभी नहि वोल सकता है. इस लिये निरंतर समदृष्टि रखकर चलना के जिस्सें किसीको टीका करनेकी जरुर न पडे.

९ अपनी जीव्हा नियममें रखनी.

जीव्हाको वश्य करनी, निकम्मा वोलना नहि, जरुरत मालुम

हो तो विचार कर हित मितही भाषण करना. अगर रसलंपट हो-
कर जीव्हाको वश्य पड रोगादि उपाधि खडी होती है. तथा
मर्यादा वहार जाना नहि. जीभके वश्य पडे हुवेकी दूसरी इंद्रियें
कुपित होकर तिन्होंको गुलाम बनाके बहोत दुःख देती है. इस
हेतुसे सुखार्थी जन जीभके तावे न होकर जीभकोही तावे कर लेवे
वोही सबसे बहेत्तर है.

१० विना विचारे कुछभी नहि करना.

सहसा—अविवेक आचरणसे वडी आपदा—विपत्ति आ पडती है.
और विचारकर विवेकसे वर्तने वालेको तो स्वयमेव संपदा आ कर
अंगीकार कर लेती है. वास्ते एकाएक साहस काम कीये विगर
लंबी नजरसे विचारके,उचित नीति आदरके वर्तना के जिस्से कवीभी
खेद—पश्चाताप करनेका प्रसगही आता नही. सहसा काम करने
वालेको बहोत करके तैसा प्रसग आये विना रहेताही नहीं है.

११ उत्तम कुलाचारको कवीभी लोपन करना नहि.

उत्तम कुलाचार शिष्ट—मान्य होनेसे धर्मके श्रेष्ट नियमोकी
तराह आदरने योग्य है. मद्यमासादि अभक्ष्य वर्जित करना, परनिंदा
छोड देनी, हसवृत्तिसे गुणमात्र ग्रहण करना, विषयलपटता—असं-
तोष तजकर संतोष वृत्ति धारण करनी, स्वार्थवृत्ति तजके निःस्वा-
र्थपनसे परोपकार करना, यावत् मद मत्सरादिका त्याग कर मृदु-
तादि विवेक धारणरूप उत्तम कुलाचार कौन कुशल कुलीनको मान्य
न होय? एसी उत्तम मर्यादा सेवन करनेवालेको कुपित हुवा कलि-
कालभी क्या कर सकता है?

१२ किसीको मर्मवचन कहेना नहिं.

मर्म वचन सहन न होनेसे कितनेक मुग्ध लोग मानके लिये
मरणके शरण होते है, इस लिये तैसा परको परितापकारी वचन

कबीभी उच्चरना नहिं. मृदुभाषा स्हामनेवालेकोभी पसंद पडती है. चाहे तैसा स्वार्थ भोगसे स्हामनेवालेका हित होय वैसाही विचारकर बोलना. सज्जनकी तैसी उत्तम नीति कबीभी उल्लंघनी नहि. लोगोंमेंभी कहेवत है कि 'शक्करसे जहातक पित्त शमन हो जाय वहां तक चिरायता काहेकुं पिलाना चाहिये ?'

१३ किसीको कबीभी जूंठा कलंक नहि देना.

किसीको झूठा कलंक देनेरुप महान् साहससे बुराही परिणाम आनेके उग्र संभवसे सर्वथा निंद्य तथा त्याज्य है. दूसरेको दुःख देनेकी चाहना करनेवाला आपहीं दुःख मांग लेता है.क्योंकि कहेवत है कि— 'खड्डा खोदे सोही पडे.' श्याने जनको इतनीभी शिखामन बस है. जैसे कुशिक्षितका अपनाही शस्त्र अपनाही प्राण लेता है तिन्हके सादृश इन्कोंभी समझकर सच्चे सुखार्थी होकर सत्य और हित मार्गपरही चलनेकी जरुरत रखनी उचित है. कहेवतभी चली आती है कि— 'सांचको काहेकी आंच !'

१४ किसीकोभी आक्रोश करके कहेना नहि.

कोप करके किसीको सच्ची बातभी कहेनेसे लाभके बदलेमें गैरलाभ हाथ आता है. इस वास्ते आक्रोश करके कहेना छोडकर स्वपरको हितकारी सच्ची बात और नम्रताइसे विवेकपूर्वकही कहेनेकी आदत रखनी चाहिये. समजदार मनुष्यको लाभालाभका विचार करकेही वर्तना घटित है. यही कठिन सज्जन रीति है कि जो हर एक हितार्थियोंको अवश्य आदरणीय है.

१५ सबके उपर उपकार करना.

मेघकी तराह सम विषम गिनना छोडकर सबपर समान हितबुद्धि रखनी. वृक्ष नीच उच सबको शीतल छांउ देता है, गंगाजल सबका समान प्रकारसे ताप दूर करता है, चदन सबको समान

सुगंधी देता है. वैसेही उपकारी जन जगत्मात्रका उपकार करता है.जो अपकार करनेवाले परभी उपकार करे सोही जगत्में बडा गिना जाता है.

१६ उपकारीका उपकार कभी भूलना नहि.

कृतज्ञ जन किये हुवे उपकारको कबीभी नहि भूलता है. और जो मनुष्य किये हुवे उपकारको भूल जाता है वो कृतघ्न कहा जाता है. और इस्से भी जो जन उपकारीका अहित करनेको इच्छे वो तो महान् कृतघ्न जानना. माता, पिता, स्वामी और धर्मगुरुके उपकारका बदला दे सके ऐसा नहि है. तथापि कृतज्ञ मनुष्य तिन्होकी वन सके जितनी अनुकूलता संभालकर तिन्हके धर्मकार्यमें सहायभूत होनेके लिये ठीक ठीक प्रयत्न करे तो कदापि अनृणी हो सकता है. सत्य सर्वज्ञ भाषित धर्मकी प्राप्ति कराने वाले धर्मगुरुका उपकार सर्वोत्कृष्ट है. ऐसा समझकर सुविनीत शिष्य तिन्हकी पवित्र आज्ञामें वर्त्तनेके लिये पूर्ण खंत रखता है. और यह फरमानसे विरुद्ध वर्त्तन चलानेवाले गुरुद्रोही महापातकी गिने जाते है.

१७ अनाथको योग्य आश्रय देना.

अपनी आजीविकाके विषे जिन्होंको कुछभी साधन नहि है जो केवल निराधार है. ऐसे अशक्त अनाथोंको यथायोग्य आलंबन—आधार—आश्रय देना यह हर एक शक्तिवंत—धनाढ्य दानी मनुष्योंकी खास फरज है. दुःखी होते हुवे दीन जनोंका दुःख दिलमें धारण करके तिन्होको वख्तके उपर विवेकपूर्वक मदद देनेवाले समयको अनुसरके महान् पुण्य उपार्जन करते है. और तिन्हके पुण्यवलसे लक्ष्मीभी अखूट रहेती है. कुएके पानीकी तराह बडी उदारतासे व्यय की हुइ हो तोभी उदारताकी लक्ष्मी पुण्यरुपी अविच्छिन्न जल प्रवाह की मददसे फिर पूर्ण हो जाती है. तदपि

कृपणको ऐसी सुबुद्धि पूर्व अंतरायके योगसे ध्यानमें पैदाही नहि होती है, तिस्से वो बिचारा केवल लक्ष्मीका दासत्वपना करके अंतमें आर्त्तध्यानसे अशुभ कर्म उपार्जके हाथ घसता-रीते हाथसे यमके शरण होता है. वहां और उस्के बादभी पूर्व अशुभ अंतराय कर्मके योगसे वो रक अनाथको महा दुःख भुक्तना पडता है. वहां कोई शरण—आधारभूत होता नहि है. अपनीही भूल अपनको नडती है. कृपणभी प्रत्यक्ष देख सकता है कि कोइभी एक कवडी-कौडीभी साथ बांधकर ले आया नहि और अवसान समय कौडी बाधकर साथ ले जा सकेगाभी नहि, तदपि विचारा मम्मण शेठकी तराह महा आर्त्तध्यान धरता और धन धन करता हुवा झूर झूरके मरता है. और अतमें वो बहोतही बुरे विपाक पाता है. यह सब कृपणताके कटुफल समझकर अपनकोभी तैसेही बूरे विपाक भुक्तने न पडे, इस लिये पानी पहेले पाल बांधनेकी तरांह अव्वल-सेही चेतकर अपनी लक्ष्मीके दास नहि लेकिन स्वामी बनकर उस्का विवेकपूर्वक यथास्थानमें व्यय करके तिस्की सार्थकता करनेके लिये सद्गृहस्थ भाइयोंको जाग्रत होनेकी खास जरुरत है. नहि तो याद रखना कि, अपनी केवल स्वार्थ वृत्तिरुप महान् भूलके लिये अपनकोहि आगे दुःख सहन करना पडेगा, इसिलिये हृदयमें कुछभी विचार-पश्चाताप करके सच्चा परमार्थ मार्ग अंगीकार कर अपनी गंभीर भूल सुधार लेनेको चुकना सो श्याने सद्गृहस्थोंको योग्य नहि है. श्री सर्वज्ञ प्रभुने दर्शाया हुवा अनत स्वाधीन लाभ गुमा देके और अंतमें रीते हाथ घिसते जाकर परभवमें अपनेही किये हुवे पापाचरणके फलका स्वाद अनुभवे यह कोइभी रीतिसे विचारशील सद्गृहस्थोंको लाजीम शोभारुप नहि है. तत्वज्ञानी पुरुषोंके यही वचनोंको अमृत बुद्धिसे अंगीकार कर विवेक पूर्वक आदरते है सो अत्र और परत्र अवश्य सुखी होते है.

१८ किसीके अगाडी दीनता दिखलानी नही.

तुच्छ स्वार्थके खातिर दूसरेके अगाडी दीनता बतानी योग्य नहि है. यदि दीनता–नम्रता करनेको चाहो तो सर्व शक्तिमान सर्वज्ञकी करो. क्योंकि वो आप पूर्ण समर्थ है और अपने आश्रितकी भीड भाग सकते है. मगर जो आपही अपूर्ण अशक्त है वो शरणागतकी किस प्रकारसे भीड भांग सके ? सर्वज्ञ प्रभुके पास भी विवेकसे योग्य मंगनी करनी योग्य है. वीतराग परमात्माकी किंवा निर्ग्रंथ अणगारकी पास तुच्छ सासारिक सुखकी प्रार्थना करनी उचित नहि है. तिन्होंके पास तो जन्म मरणके दुःख दूर करनेकीही अगर भवभवके दु.ख जिस्से हट जाय ऐसी उत्तम सामग्रीकीही प्रार्थना करनी योग्य है. यद्यपि वीतराग प्रभु राग द्वेष रहित है; तथापि प्रभुकी शुद्ध भक्तिका राग चिंतामणीरत्नकी सादृश फलीभूत हूए विगर रहेता नहि. शुद्ध भक्ति यहभी एक अपूर्व वश्यार्थ प्रयोग है. भक्तिसे कठिन कर्मकाभी नाश हो जाता है, और उसीसे सर्व संपत्ति सहजहीमें आकर प्राप्त होती है. ऐसा अपूर्व लाभ छोडकर बबूलको माथ भरने जैसी तुच्छ विषय आशंसनासे विकलपनसे तैसीही प्रार्थना प्रभुके अगाडी करनी के अन्यत्र करनी यह कोई प्रकारसे सुज्ञजनोको मुनासिवही नहि है. सर्व शक्तिवंत सर्वज्ञ प्रभुके समीप पूर्ण भक्ति रागसे विवेक पूर्वक ऐसी उत्तम प्रार्थना करो यावत् परमात्म प्रभुकी पवित्र आज्ञाको अनुसरनेके लिये ऐसा उत्तम पुरुषार्थ स्फुरायमान करो के जिस्सें भवभवकी भावट टलकर परमसंपद प्राप्तिसे नित्य दिवाळी होय, यावत् परमानंद प्रकटायमान होय, मतलब कि अनंत अबाधित अक्षय सहज सुख होय. सेवा करनी तो ऐसेही स्वामीकी करनी के जिस्सें सेवक भी स्वामीके समानही हो जावे.

१९ किसीकी भी प्रार्थनाका भंग करना नहि.

मनुष्य जब बडी मुशीबतमें आ गया हो तबही बहोत करके गर्व टेक छोडकर दूसरे समर्थ मनुष्यको अपनी भीड भागनेकी आशासे प्रार्थना करता है. ऐसे समझकर दानी दिलके श्याने और समर्थ मनुष्यने तिस्की प्रार्थना योग्य हा होय तो तिस्का प्राणात तकभी भग नहि करके स्हामने वालेका दुःख दूर करने लायक जो कुछ देना उचित हो सोभी प्रिय भाषण पूर्वक ही देना, लेकिन उच्छृंखल वृत्तिसे देना नहि. प्रिय वाक्य पूर्वक देना सोही भूषणरूप है अन्यथा दूषणरुप ही समजना. ऐसा हिताहितको विवेक पूर्वक सुज्ञ मनुष्यको वर्तन चलानाही योग्य है. नहि तो दिया हुवा दानभी व्यर्थ हो जाता है और मूर्खमें गिनती होती है.

२० दीन वचन बोलना नहि.

दीन वचनोंसे मनुष्यका भार- बोज हलका हो जाता है और फिर सुज्ञजन परीक्षाभी कर लेते है कि यह मनुष्य कपटी या तो खुशामदखोर है. गुणवंतको गुणी जानकर उचित नम्रता बतानी वो दीनपनेमें गिनी जाती नहि है. गुणी पुरुषोंके स्वाभाविक ही दास बनकर रहेना यह अपनेमें स्वाभाविक गुणप्राप्तिके निमित्त होनेसे वो दूषितही नहि गिना जाता है, इसी लिये विवेक लाकर जरुरत हो तब अदीन भाषण करना कि जिस्से स्वार्थ हानि होने नहि पावे. और यह उत्तम नियम विवेकी जन जीवन पर्यंत निभावे तो अत्यतही शोभारुप है.

२१ आत्मप्रशंसा करनी नहि.

आत्मश्लाघा याने आपबडाइ करके खुश होना यह महान्

दोष है. इस्सें महान् पुरुषोंका अपमान होता है. ऐसे महत्पुरुषोंकी आशातना-अवमानता करनेसे कर्मबंधन कर आत्मा दुःखी होता है. सज्जन पुरुषोंकी यही रीतिही नहि है. सज्जन पुरुषो तो दूसरेके परमाणु जितनेभी गुणोंको बखानते है, और अपने मेरुके समान वडे गूणोकाभी गान नहि करते. तो गुणके विगर घमंड रखकर अपूर्ण घटकी तराह न्यूनता दिखानी सो कितनी बडी भूल और बिचारने जैसी वात है. यह बातका विचार कर पूर्ण घडेकी समान गभीरताइ धारण करनी शीख लेनी और आप वडाइ करनी छोड देनी, क्यों कि आपवडाइ करनेमें कदम दर कदम पर निंदाका दोष लगता है पर निंदाके पाप अति बूरे होनेसे मिथ्या आपवडाइ करनेवाला प्राणी तैसे पापकर्मोंसे अपने आत्माको मलीन कर परभवमें या क्वचित् यही भवमें वहोत दुःखी हालतमें आ जाता है.

२२ दुर्जनकी भी कबी निंदा नहि करनी.

परनिंदा करनेसे कुछभी फायदा नहि है, मगर निंदा करनेवालेको वडा गेरफायदा होता है. अपना अमूल्य वख्त गुमाकर आपही मलीन होता है. निंदा यह स्हामनेवालेको सुधारनेका मार्ग नहि है किंतु विगाडनेका रस्ता है, ऐसा कहाजाय तो कुछ जूठा नहि है. सज्जन जन तो तैसे निंदकोसे ज्यादा ज्यादा जाग्रत —सचेत रहकर गुण ग्रहण करते है लेकिन दुर्जन तो उलटे कुपित होकर दुर्जनताकीही वृद्धि करते है. इसि लिये दुर्जनको निंदासेभी हानिही हाथ आती है. संत—सज्जनोकी निंदासे सज्जन जनकोतो कुछभी औगुन मालुम होता नहि है; तदपि तैसे उत्तम पुरुषोंकी नाहक निंदा करनेमें आशयकी महा मलीनता होनेके लिये निकाचित् कर्मबंधकर निंदक नरकादि अधोगतिमेंही जाते है.

निंदा, चाडी, परद्रोह तथा असत्य कलंक चडानेवाले वा हिंसा, असत्य भाषण, पर द्रव्य हरण और परस्त्री गमनादि अनीति वा अनाचार करनेवाले, क्रोधाध, रागांध होनेवालेके जो जो बूरे हाल होनेका शास्त्रकारोंने वर्णन कीया है तो, तथा तिस संबंधी हित-बुद्धिसे जो कुछ कहेना वो निंदा नहि कही जाती है, मगर हित-बुद्धि विगर द्वेषसे पिरायेकी वातें कर दिल दुभाना सो निंदा कही जाती है. और वह निंद्य है, इसलिये नाम लेकर पिरायेकी वदी करनेका मिथ्या प्रयास करना नहि. कबी निंदा करनेका दिल हो जाय तो सच्चे और अपनेही दोषोंकी निंदा करनी कि जिस्सें खुद कुछभी दोषमुक्त होता है. केवल दोषोंकीभी निंदा करनेसे कुछ कार्य सिद्धि नहि होती, तोभी परनिंदासे स्वनिंदा वहोतही अच्छी है.

२३ बहोत हंसना नहि.

बहोत हसना सो भी अहितकारी है. वहोत हंसनेसे परिणाममें रोनेका प्रसग आता है. हसनेकी बूरी आदत मनुष्यको बडी आप-त्तिमें डालती है. वहोत वख्त हसनेकी आदत होनेसे मनुष्य कार-णसे या बिगर कारणसे भी हंसता है और वैसा करनेसे राज्यसत्ता या अंतःपुरमें हंसनेवालेकी वडी ख्वारी होती है, इसि लिये वो बूरी आदत प्रयत्न करके छोड देनीही योग्य है. कहेवतभी है कि ‘ हंसी विपत्तिका मुल है ’ हाथसे करके जीसको जोखममें डालना हो वा हाथसे करके उपाधि खडी करनी हो तो एसी कुटेव रखनी. अन्यथा तो तिस्कों त्याग देनी उसमेंही सुख है. सभ्य जनकीभी यही नीति है. मुमुक्षु—मोक्षार्थी सत सुसाधुओंको तो वो कुटेव सर्वथा त्याग देने लायकही है. ऐसी अच्छी नीति पालन करनेसेही प्राणी धर्मके अधिकारी बनकर सर्वज्ञ भाषित धर्मको

सम्यग् प्रमाद रहित सेवन कर सद्भाग्यके भागीदार होके अंतमें अक्षय सुख संपादन कर सकता है.

२४ वैरीका विश्वास करना नहि.

विश्वास नहि करने योग्य मनुष्यका विश्वास करनेसे बडी हानि होती है, इस लिये पहिलेसेही खबरदार रहेना कि जिससे पीछेसे पश्चाताप नहि करना पडे. काम, क्रोध, मद, मोह मत्सरादिको अंतरंग शत्रु समझकर तिन्होंका कबीभी विश्वास सच्चे सुखार्थीको करना योग्य नहि है. सर्वज्ञ प्रभुने पच प्रमादोंको प्रबल शत्रु कहे है.

जिस्के योगसे प्राणी प्रकर्षकर स्वकर्तव्यसे भ्रष्ट हो यावत् बेभान होता है सोही प्रमाद कहा जाता है. मद्य, विषय, कषाय, निद्रा और विकथा यह पाच प्रमाद है. और यह पाचोंमेसे एक हो तो भी महा हानिकारी है, और जब पाचों प्रमादोंके वश जो मनुष्य पड गया हो उस्का तो कहेनाही क्या ?

मद्यपानसे लक्ष्मी, विद्या, यश, मानादिकी हानि होती है सो जगत् प्रसिद्ध है.

विषय विकारके तावे होनेवाला वडा योगीश्वर हो, ब्रह्मा हो तोभी स्त्रीका दास बन जाता है और हिम्मत हारकर एक अबला- काभी दीन दास बनता है यही विषयाधताका फल है.

कषाय—क्रोध, मान, माया और लोभ यह चारोंकी चडालचो- कडी कही जाती है. तिन्हका संग करनेवाला यावत् तिस्में तन्मय होकर वा हुवा क्रोधाध यावत् लोभाध कुछभी कृत्याकृत्य हिताहित देख सकता नहि. कषाय—कलुषित मति फिर कुछ औरही नया देखाव देती है. बूढा है पर बालककी तराह और पंडित है पर मुर्खकी तरांह यावत् भूतग्रस्तकी मुवाफिक विपरीत—विरुद्ध चेष्टा करता है, जिस्से तिस्का वडा लोकापवाद प्रसरता है. कषायांध

विवेकशून्य पशुकी तराह अपमान पाता है यावत् बूरे हालसे मृत्यु पाकर दुर्गतिकाही भागी होता है. इस लिये क्रोधादि कषायकी सेवा करनेवालेको मनुष्य नहि मगर हैवान समझना. कट्टे दुश्मनसेभी ज्यादा खाना खराबी करनेवाले कषायही हैं, ऐसा समझकर कुछ हृदयमें भान लाया जाय तो अच्छा. कट्टा शत्रु एकही भवमें दुःख दे सकता है, लेकिन यह कषाय शत्रु तो भवभवमें दुःख दे सकते है.

निद्रा देवीके परवश पडे हुवे प्राणीकीभी वहोत बुरी हालत होती है. जो निद्राके तावे न होकर निद्राकोही तावे कर लेकर विवेक धारण करते है तिन महाशयोंको लीलाल्हेर होती है.

विकथा—जिस्के अंदर स्व पर हित तत्वसे संस्कारित न हुवा हो, तैसी वाहियात वातें करनी सो विकथा कही जाती है. राज-कथा, देशकथा, स्त्रीकथा, तथा भक्त- भोजन कथा यह चार विक-थाओंका त्याग कर जिससें स्व पर हित अवश्य साध सके तैसी धर्म कथा केहनी योग्य है. विकथा करनेवालेका कीमती वख्त कौडीके मूल्यमें चला जाता है. और विवेकपूर्वक धर्मकथा केहनेवालेका वख्त अमूल्य गिना जाता है; तदपि विवेक विकल लोग विकथा वर्जकर उत्तम धर्म कथासे वख्तको सार्थक करनेके वास्ते खंत नहि रखते है, तो तिन्होंको आगे वहोत पस्तानाही पडेगा. और जो विवेक-पूर्वक यह हितोपदेशको हृदयमें धारणकर तिस्का परमार्थ विचारके सीधे रस्ते चलेंगे तो सर्वत्र सुखी होंगे, सच्चे सुखार्थी जन यह पापी पाचों प्रमादके फदमें न फसकर अप्रमाद दंडसे तिन्होंका नाश करनेकेलिये उद्युक्त रहेनाही दुरुस्त धारते है. अप्रमादके समान कोइभी निष्कारण निःस्वार्थी बांधव नहि है. इस लिये पापी प्रमादोंके परका विश्वास परिहरके

उपकारी अप्रमाद् बाधवेंमंही सर्व विश्वास स्थापन करना कि जिस्सें सर्वत्र यश प्राप्त होय.

२५ विश्वासूको कबीभी दगा देना नहि.

विश्वास रखकर जो शरण आवे उस्को दगा देना उस्के समान कोइ एकभी ज्यादा पाप नहि है. वो गोदमें सोते हुवेका शिर काट देने जैसा जुल्म है. अच्छे अच्छे बुद्धिशाली लोकभी धर्मके लिये विश्वास करते है. तैसे धर्मार्थी जनोंको स्वार्थाध बनकर धर्मके व्हानेही ठग लेवे यह वडा अन्याय है.आपहीमें पोलपोल होवे तोभी गुणी गुरुका आडंबर रचके पापी विषयादि प्रमादके परवशपनेसें भोले लोगोंको ठग लेवे. तिन्के जैसा एकभी विश्वासघात नही है. भोले भक्त जानते है कि अपन गुरुकी भक्ति करके गुरुका शरण लेकर यह भवजल तिर जाएगे. लेकिन पत्थरके नावकी मुवाफिक अनेक दोषोसे जो दूषित है तो भी मिथ्या महत्वको इच्छनेवाले दंभी कुगुरु आपको और परिक्षा रहित अंधप्रवृत्ति करनेवाले आपके भोले आश्रित शिष्य भक्तोंको, भव समुद्रमे डूबा देते है और ऐसे स्वपरको महा दु.ख उपाधिमें हाथसे डाल देते है. जो ऐसा कार्य करते है वो धर्मठग कुगुरुओंको यह संसार चक्रमे परिभ्रमण करनेमें समय महा कटु फलका स्वादानुभव लेना पडता है. इस वास्तेही श्री सर्वज्ञ देवने धर्म गुरुओको रहेणी कहेणी बराबर रखकर निर्दभतासे वर्त्तनेकाही फरमान कीया है. अपन प्रकटतासे देख सकते है कि कितनेक कुमतिके फदमें फंसे हुवे और विषय वासनासे पूरित हुवे हो तदपि धर्मगुरुका डोल–स्वाग धारण कर केवल अपना तुच्छ स्वार्थ सिद्ध करनेके लिये अनेक प्रपंच जाल गुंथन कर और अनेक कुतर्क करके सत्य और हितकर सर्वज्ञके उपदेशकोभी छुपाते है इस तरहसे आप धर्मगुरुही धर्मठग बनकर भोले हिरन सादृश केवल

कर्णेंद्रिय लोलुपी आंखे मीचकर हांजी हा करनेवाले अपने आश्रित भोले भक्तोंको ठगकर स्वपरको बिगाडते है. सो विवेकी हंस कैसे सहन कर सके ? दिन प्रतिदिन वो पापी चेप पसार कर दुनियाको पायमाल करते है, तिस्से वो उपेक्षा करने लायक नहि है. जगत् मात्रको हित शिक्षा देनेके लिये बंधाये हुवे दीक्षित साधुओं कि जो सर्वज्ञ प्रभुकी पवित्र आज्ञा–वचनोंको हृदयमें धारण करनेवाले और निष्कपटतासे तद्वत् वर्त्तनेको स्वशक्ति स्फुराने हारे और समस्त लोभ लालचको छोडकर जन्म मरणके दुःखसे डरकर लेश मात्रभी वीतराग वचनको छुपाते श्री सर्वज्ञकी आज्ञाको पूर्ण प्रेमसे आराधनेकी दरकार कर ` है, वोही धर्मगुरुके नामको सत्यकर बतानेको शक्तिमान् हो सकते है. तैसे सिंह किशोरही सर्वज्ञके सत्य पुत्र हैं, दूसरे तो हाथीके दांतोंकी समान दिखानेके दूसरे और खानेके–चर्वण करनेके भी दूसरे है तिनके नामको तो डेढ कोसका नमस्कार है ! भो भव्यो ! विवेक चक्षु खोलकर सुगुरु और कुगुरु–सच्चे धर्म गुरु और धर्मठगको बराबर पिच्छानके लोभी, लालचु और कपटी कुगुरुको काले सापकी तरह सर्वथा त्याग कर. अशरण शरण धर्मधुरंधर सिंहकिशोर समान सत्य सर्वज्ञ पुत्रोंका परम भक्ति भावसे सेवन–आराधन करनेको तत्पर हो जाओ ! जिस्से सब जन्म जरा और मरणकी उपाधी अलग कर तुम अंतमें अक्षय पद प्राप्त करो ! उत्तम सारथी या उत्तम नियामक समान सद्गुरुकेही दृढ आलंबनसे अगाडीभी असख्य प्राणि यह दुःखमय संसारका पार पाये है. अपनकोभी ऐसाही महात्माको सदा शरण हो. ऐसे परोपकारशील महात्मा कबीभी प्राणांत तकभी परवंचन करतेही नहि.

२६ कृतघ्नता—किये हुवे गुणका लोप कबीभी नहि करना.

उत्तम मनुष्य औगुनके उपर गुन करते है. मध्यम मनुष्य दूसरेने गुन कीया हो तो आप अपनी बख्त हो उस बख्त बने जितनाका बदला देना धारते है; परंतु अधम मनुष्य तो कीये हुये गुनका भी लोप करते है. ऐसी अधम वृत्तिवाले अज्ञानी अविवेकी जनसे तो कुत्तेभी अच्छे गिनेजाते है, कि जो थोडाभी रोटीका टुकडा या खोराक खाया हो, तो खिलानेवालेको देखकर अपनी पुछ हिलाकर खुश हो अपना कृतज्ञपना जाहेर करते हुवे उनके घरकी रात दिन चोकी करते है ऐसा समझकर कृतज्ञता आदर कर धर्मकी न्यायकात प्राप्त कर कुछभी धर्म आराधना करके स्व—मानवपना सार्थक करना. अन्यथा मातुश्रीकी कुक्षीको धिःकार पात्र बनाकर भूमिको केवल भारभूत होने जैसा है समझ रखना कि, कृतज्ञ विवेकी रत्नोंकीहो माता रत्नकुक्षी कहलाती है. ऐसा न्यायका रहस्य समझकर स्वपर हितकारी विवेक धारण करनेका यत्न करना.

२७ सद्‌गुणीको देखकर प्रसन्न होना.

वो प्रमोद या मुदिता भाव कहा जाता है. चंद्रको देखकर चकोर जैसे खुशी होता है, और मेघगर्जना सुनकर मयुर जैसे नाचता है तैसे सद्‌गुणीके दर्शन मात्रसे भव्य चकोरको हर्ष—प्रकर्ष होना चाहिये. दुसरेके सद्‌गुणोकी प्रतीति हुवे पीछेभी तिनके उपर द्वेष धरना ए दुर्गतिकाही द्वार है, वास्ते केवल दुःखदाइ द्वेषबुद्धि त्यागकर सदैव सुखदाइ गुणबुद्धि धारण कर विवेकी हंसवत् होनेके लिये सद्‌गुणीको देखकर परम प्रमोद धारण करना.

२८ जैसे तैसेका संग स्नेह करना नहि.

' मूरख साथ सनेहता, पग पग होवे कलेश. ' ए उक्ति अनुसार मूर्ख कुपात्रके साथ प्रीति बांधनी नहि क्योंकि मूर्खकी प्रीतिसे अपनीभी पत जाती है. यदि स्नेह करना चाहते हो तो विवेकी हंस सदृश, संत-सुसाधु जनके साथही करो कि जिस्से तुम अनादिका अविवेक त्याग कर सुविवेक धरनेमें समर्थ हो सको. खास याद रखना चाहिये कि, संत सुसाधुके समागम समान दुसरा उत्तम आनद नहि है. ऐसा कौन मूर्खशिरोमणि हो कि अमृतको छोडकर हालाहल विष सादृश अविवेकीकी—कुशीलकी संगति चाहे ? स्याना मनुष्य तो कबीभी न चाहेगा ! जो भूंडिये जैसी वृत्तिवाला होगा वो तो जहां तहा अशुचि स्थानमेंही भटकता फिरेगा उस्में क्या आश्चर्य है ? क्योंकि जिस्का जैसा 'जाति स्वभाव होवे वैसाही कृत्य कीया करे. ऐसे नीच जनोकी सोबतसे अच्छे सुशील मनुष्योको भी कचित् छिंटे लगते है.

२९ पात्रपरीक्षा करनी चाहिये.

जैसे सुवर्णकी कस, छेदन, तापादिसे परीक्षा की जाती है, जैसे मोतिकी उज्वलता आदिसे परीक्षा की जाती है, तैसे उत्तम पात्रकी भी सुवृत्तिसे सद्गुणोकी परीक्षा करनी चाहिये. सुपात्रकी अंदर उत्तम वस्तु शोभायमान या कायम होती है. सुपात्रमे विवेक पूर्वक बोया हुवा उत्तम बीज शुद्ध भूमिकी तरह उत्तम फल देता है. छीपमें पडा हुवा स्वाति जलबिन्दुका सच्चा मोति पकता है, और सांपके मुखमें पडा हुवा वोहि (स्वाति) जलबिंदु झहेररूप होता है. वास्ते पात्र परीक्षा कर दान, मान, विद्या, विनय और अधिकार वगैरा व्यवहार करना योग्य है. सुपात्रमें सब सफल होता है, और कुपात्रमें नफेके बदले टोटा—अनर्थ पैदा होता है. इस लिये पात्रा पात्रका

विवेक बुद्धिशालीको अवश्य करना कि जिस्से स्वपरको अत्र समाधि पूर्वक धर्माराधनसे परत्र–परलोकमें भी सुखसंपत्ति होती है, सोही बुद्धि प्राप्तिका शुभ फल है.

३० अकार्य कबीभी करना नहि.

प्राणांततक भी नही करने योग्य निंद्य कार्य सज्जन जन करतेही नहीं है. जो लोग प्रमाद वश होकर (परवशतासे) लोग विरुद्ध वा धर्म विरुद्ध अति निंद्यकर्म करे उन्होको सज्जनोकी पंक्तिसे बहार ही गिनने चाहिये गुण दोष, लाभालाभ, कृत्या कृत्य, उचितानुचित, भक्ष्याभक्ष्य, पेयापेय वगैरा उचित विवेकविकल मनुष्यको पशुवत् समझना और उचित विवक पूर्वक सदैव शुभकार्योंके सेवनमें उद्यमशील मनुष्यको, एक अमूल्य हीरेके समानही जानना. ऐसे जनोका जन्मभी सार्थक है.

३१ लोकापवाद् प्रवर्त्तन हो वैसा नहि वर्त्तना.

जिस कार्यसे लोगोंमें लघुता हो वैसा कार्य विना सोचे–विचारे (अवटित कार्य) करना नहि जिस्से धर्मको लाछन लगे–धर्मकी हीलना–निंदा हो शासनकी लघुता हो तैसा कार्य भवभीरु जनोको प्राणांत तकभी नहि करना चाहिये पूर्व महान् पुरुषोंके सद्वर्त्तनकी तर्फ लक्ष रखकर जिस प्रकारसे अपनी या दूसरेकी– यावत् जिनशासनकी उन्नति हो उस प्रकारसे विवेकसे वर्त्तना. ' लोग विरुद्ध चाओ ' यह सूत्रवाक्य कदापि भूल नहि जाना. जिस्मे सब सुख साधनेका शुभ मनोरथ कबीभी फलीभूत होय वैसे समालकर चलना सोही सर्वोत्तम है. –

३२ साहसीकपना कबीभी त्याग देना नहि.

आपत्तिके समय धैर्य, संपत्तिके समय क्षमा, सभाकी अदर सत्य वार्त्ता निर्भय होकर कहनी, शरणागतका सब प्रकारसे शक्ति मुजब

संरक्षण करना और स्वार्थभोग चाहे इतना नुकसान हो जाता हो तथापि अदल इन्साफ देना. इत्यादि सद्गुण सत्ववंत सज्जनोमें स्वाभाविकही होते है. और ऐसे ही उत्तम जन धर्मके सत्य–सच्चे अधिकारी है. तैसे विवेकी हंसही सब मलीनता रहित निर्मळ पक्ष भजकर धर्म मार्ग दीपानेके वास्ते समर्थ होते है. वैसे सत्य पुरुषो-कोही अनंतानंत धन्यवाद है. जो सच्चा पुरुषार्थ स्फुरायके अपना पुरुष नाम सार्थक करते है, तिनकीही उज्वल कीर्ति होती है, या निर्मल यशभी तिनकाही दिगंतमें फैलता है. जो महाशय अचल होकर ऐसी उत्तम मर्यादा सदैव पालते है वो प्रसन्नतासे पवित्र नीतिको अनुसरके अत्र अक्षय कीर्ति स्थापित कर. परत्र अवश्य सद्गति गामी होते है. तैसे साहसीक शिरोमणिकाही जन्म सार्थक है. तैसा उत्तम सात्विक साहसीक सिवा स्व जन्म निष्फळ है. सच्चे सर्वज्ञ पुत्र उत्तम प्रकारकी शुद्ध साहसीक वृत्तिसहितही होते है. वो लखो आश्रितोके आधाररुप है. तिनको सिंह किशोरकी तरह साहसीकता धारण करनीही घटित है. तिनकी आबादीके उपर लखो मनुष्योके भविष्यका आधार है. समझकर सुखसे निर्वहन हो सके तैसी महाव्रत आचरनेरुप–महा प्रतिज्ञा करके तिनका अखंड निर्वाह करना वोही उत्तम साहसीकता है. वोही महान् प्रतिज्ञाका स्वच्छंद आचरणोसे भंग करनेके समान एकभी दुसरी कायरता है ही नहि. यह दुःख दावानलसे तैसे प्रतिज्ञाभ्रष्टकी मुक्ति हो सकती नहि, ऐसा समझकर–' तेल पात्रधार ' या राधावेध साधनेवालाकी' तरह अप्रमत्त होकर सर्वज्ञ प्ररुपित तत्वरहस्य प्राप्त करके अंगीकार की हुइ महा प्रतिज्ञाको अखंड पालन करे, वो पूर्ण प्रातिज्ञावंत होके अपना और दुसरेका निस्तार करनेमें समर्थ होता है. वोही सच्चे साहसीक गिनाये जाते है. वास्ते स्व परको डुबानेवाली कायरता

छोडकर हरएक मुमुक्षुको उत्तम साहसीकता धारण करनी ही श्रेष्ठ है. ऐसा करनेसे सब मलीनता दूर होकर स्व पर हितद्वारा शासनोन्नति होने पावे. अहो ! कब प्राणी कायरता छोडकर उत्तम साहसीकता आदरेंगे और उस द्वारा स्व परकी उन्नति साधकर कब परमानद पद प्राप्त करेंगे ! ! तथास्तु.

३३ आपत्ति वख्तभी हिम्मत रखकर रहना.

कष्टके समयभी नाहिम्मत होना नहि. जो महाशय धैर्य धारण करके संकटके सामने अड जाते है अर्थात् वो वख्त प्राप्त होनेपरभी उत्तम मर्यादा उल्लंघते नहि, मगर उलटे उत्तम नीतिके धोरणको अवलंबन करके रहेते है, तिन्हको आपत्तिभी संपत्तिरूप होती है. शत्रुभी वश होता है. वो धर्मराजा की मुवाफिक अक्षय कीर्ति स्थापन करके श्रेष्ठ गति साधन करते है; परंतु जो मनुष्य वैसे वख्तमें हिम्मत हारकर अपनी मर्यादा उल्लंघन करके अकार्य सेवनकर मलीनताका पोषन करता है, वो इस जगतमेंभी निंदापात्र हो पापसें लिप्त हो परत्रभी अति दुःखपात्र होता है.

३४ प्राणात तकभी सन्मार्गका त्याग करना नहि.

ज्यों ज्यों विवेकी सज्जनोको कष्ट पडता है त्यों त्यों सुवर्ण, चदन और उस (गन्ने) की तरह उत्तम वर्ण, उत्तम सुगंधि और उत्तम रस अर्पण करते है. परंतु उन्होकी प्रकृति विकृति होकर लोकापवादके पात्र नहि होती है. ऐसी कठीन करणी करके उत्तम यश उपार्जन कर वो अंतमें सद्गतिगामी होते है.

३५ वैभव क्षय होजानेपरभी यथोचित दान करना.

चंचल लक्ष्मी अपनी आदत सार्थक करनेको कदाचित् सटक जाय तोभी दानव्यसनी जन थोडेमेंसे थोडा देनेका शुभ अभ्यास

छोड देवे नही, तैसे शुभ अभ्यासके योगसे क्वचित महान लाभ संपादन होता है. यावत् लक्ष्मीभी तिनके पुन्यसे खचिाइ हुइ स्वयमेव आ मिलती है; परंतु खड्गकी धारापर चलने जैसा यह कठीन व्रत साहसीक पुरुषही सेवन कर सकता है.

३६ अत्यंत राग–स्नेह करना नहि.

स्वार्थनिष्ठ संबंधी जनके साथ राग करनाही मुनासिब नहि है. जिस्के संयोगसें राग धारण कर सुख मानता है तिस्केही वियोगसें दु:खभी आपही पाता है. इतनाही नहि लेकीन संबंधी जनकी स्वार्थनिष्ठता समझ जानेपरभी दु:ख होता है. वास्ते ज्ञानी अनुभवी पुरुषोके प्रामाणिक लेखोंमें प्रतीति रखकर वा साक्षात् अनुभव–परीक्षा करके तैसा स्वार्थनिष्ठ जगतमें रागही करना लायक नहि है. तिसमेभी बहोत मर्यादा बहारका राग– स्नेह करना सो तो प्रकट अविवेकही है. क्योंकि ऐसा करनेसे अंधकी माफिक कुछ गुण दोष देखकर निश्चय नहि कर सकता है. यु करतेभी राग करनेकी चाहना हो तो संत सुसाधुजनोके साथही राग करो कि जिस्से कुत्सित राग विषका नाश कर आत्माको निर्विषता प्राप्त हो. अन्यथा राग– रंगसे अपना स्फटिक समान निर्मळ स्वभाव छोडकर परवस्तुमे बंधन- कर जीव अत्र परत्र दु:खकाही भोक्ता होता है. रागकी तरह द्वेष भी दु:खदाइ ही है.

३७ वल्लभजनपरभी बार बार गुस्सा नहि करना.

क्रोधसे प्रीतिकी हानि होती है, क्रोधसे वल्लभजन भी अप्रिय हो पडता है, क्रोध वशवर्त्ती जीव कृत्याकृत्यका विवेक भूलकर अकृत्य करनेको प्रवर्त्तता है, वास्ते सुखार्थिजनोने कषायवश होकर अस- भ्यता आदरके कवीभी उचित नीतिका उल्लंघन कर स्व परको दु:खसागरमे डुबाना नहि.

३८ क्लेश बढाना नहि.

कलह वो केवल दुःखकाही मूल है. जिस मकानमें हमेशां कलह होता है तिस मकानमेंसे लक्ष्मीभी पलायमान हो जाती है; वास्ते बन आवे तहातक तो क्लेश होने देनाही नहि. युं करते परभी यदि क्लेश हो गया तो उनको बढने न देते खतम—शमन कर देना. छोटा बडेके पास क्षमा मागे ऐसी नीति है; मगर कभी छोटा अपना गुमान छोडकर बडेके अगाडी क्षमा न मंगे तो बडा आप चला जाकर छोटेको खमावे जिस्से छोटेको शरमींदा होकर अवश्य खमना और खमानाही पडे. क्लेशको वध करनेके लिये 'क्षमापना' खमतखामनेरुप जिनशासनकी नीति अत्युत्तम है. जो महाशय वो माफिक वर्त्तन रखता है तिनको यहां और दूसरे लोकोंमेभी सुखकी प्राप्ति होती है. और जो इस्से विरुद्ध वर्त्तन चला रहे है तिनको सब लोकमे दुःखही है.

३९ कुसंग नहि करना.

'जैसा संग हो वैसाही रंग लगता है.' इस न्यायसें नीचकी सोबत या बूरी आदतवाले लोगोकी सोबत करनेसें हीनपन आता है. और उत्तमकी सोबतसे उत्तमता प्राप्त होती है. क्या देवनदी गंगाका शुद्ध मीठा पानीभी खारे समुद्रमें मिलजानेसे खारा नहि होता है? अवश्य होता है! तैसेही अन्य अपवित्र स्थलसे आया हुवा पानी गंगाका पवित्र जलमें मिलनेसे क्या गंगाजळके माहात्म्यको प्राप्त नहि करता है? अलबत्त, वो गटरका जल हो तो भी गंग समागमसे गंगजलही हो जाता है! ऐसा संगति महात्म्य समझकर श्याने मनुष्यको सर्वथा कुसंग छोड देकर हर हमेशां सुसंगतिही करनी योग्य है; क्योंकि— 'हानि कुसंग सुसंगति लाहु' कुसंगतिमें हानी और सुसंगतिमें लाभ ही मिलता है!'

४० बालकसेभी हित वचन अंगीकार करना.

रत्नादि सार वस्तुओंकी तरह हितवचन चाहे वहांसे अंगीकार करना यही विवेकवंतका लक्षण है. ज्ञानी पुरुष गुणोंकीही मुख्यता मानते है. अवस्थासे लघु होने परभी सद्गुण गरीष्ठको गुरु मानते है, और वयोवृद्धको गुणरिक्त होनेसें बालकवत् मानते—गिनते है. ऐसा समझकर विवेकी सज्जन गुणमात्र ग्रहण करनेको सदैव अभिमुख रहेते है.

४१ अन्यायसे निवर्त्तन होना.

समबुद्धि धारण कर राग रोष छोडकर सर्वत्र निष्पक्षपाततासे वर्त्तना यही सद्बुद्धि प्राप्त होनेका उत्तम फल है, ऐसा समझकर सत्यपक्ष स्वीकारना सोही परमार्थ है. ऐसा वर्त्ताव चलानेमेंही तत्वसे स्वपराहित रहा है. लोकापवादकाभी परिहार और शासनोन्नति इसी प्रकारसे हांसिल की जाती है. स्वल्पमें निडरतासे सच्ची हिम्मत पूर्वक न्याय मार्ग अगीकार किये बिगर जीवकी कबीभी मुक्तता होतीही नहि. ऐसा समझकर श्याने जनको सर्वथा न्यायकाही शरण लेना उचित है. नाकमें दम आ जाने तकभी अनीतिका मार्ग स्वीकारना अयोग्य है.

४२ वैभवके वख्त खुमारी नहि रखनी.

पूर्व पुण्य योगसें संपत्ति प्राप्त हुइ हो, तो संपत्तिके वख्त अहंकारी न होते नम्र होना सोही अधिक शोभारुप है. क्या आम्रादि वृक्ष भी फल प्राप्तिके वख्त विशेष नम्रता सेवन नहि करते है? बेशक नम्र होते है! वास्ते सपात्तिके वख्त नम्र होनाही योग्य है. नही कि स्वच्छंदी बनकर मदमें खीचाकर तुंग मिजाजी होना. संपात्तिके समय मदांध होना यह बडा विपात्तिकाही चिन्ह है!

४३ निर्धनताके वख्त खेद भी न करना.

पूर्वकृत कर्मानुसार प्राणी मात्रको सुख दुःख होय तैसे सम विषम संयोग मिल जाय तो भी तैसे समयमें कर्मका स्वरुप सोच-कर हर्ष—उन्माद या दीनता न करते समभावसेंही रहेकर श्याना-सुज्ञ जनोंने शुभ विचार वृत्ति पोषण कर समर्थ धर्मनीतिका प्रीतिसे वा हिम्मतसे सेवन करना योग्य है. पहिले अशुभ कर्म करनेके वख्त प्राणी पीछे मुंह फिराकर देखते नहि है, जिस्के परिणामसे अनंत दुःख वेदना सहन करते हुवे वो त्रास पाते है अशुभ—निंद्य-कर्म करके अपने हाथोंसे मंग लिये हुवे दुःख उदय आनेसे दीनता करनी सो केवल कायरता ही कही जाति है. दुःख पसंद पडता न हो तो दुःखदायक निंद्यकृत्योंसे विचार कर—पश्चाताप कर उनसे अलग हो जाना. जिस्से तैसे दुःख विपाक भोगने पडेही नहि; परंतु पूर्वके कीये हुवे दुष्कृत्योंके योगसे पडा हुवा दुःख सहन करते दीन हो खेद—विषाद धरना वा विकल हो अविवेक-तासे दूसरे दुष्कृत्य करना सो तो प्रकट दुःखका मार्ग है.

४४ समभावसे रहना.

जो महाशय सुख, दुःख, मान, अपमान, निंदा, स्तुति, सध-नता, निर्धनता, राजा, रंक, कंचन, पथ्थर, तृण और मणि वा नारी और नागनको अगाडी कहे हुवे सद्विचार मुजब वर्त्तन रख-कर समान गिनते है और उसमें मोह प्राप्त नही होता है. यावत् तिनको केवल कर्मविकाररुप निमित्तभूत गिनकर मनमें विषमता न ल्याते हर्ष विषाद रहित सम बुद्धिसेंही देखते है, तैसे सद्विचार-वंत विवेकवंत—सद्गुण शिरोमणी जन समसुख अवगाह कर धर्म आराधनसे अवश्य स्वकार्य सिद्ध करते है, परंतु जो अज्ञानता के

जोरसे—विवेक विकल मनसे विषम वर्त्तन करते है हर्ष खेद धरके आप मतसे उलटे चलते है सो तो क्रोड उपायसे भी आत्मकार्य साध नही सकते है.

४५ सेवकके गुण समक्ष कहेना.

सच्चे सेवककी प्रत्यक्ष प्रशंसा करनेसे कुछ हानि नही किन्तु लाभही है. उत्साहकी वृद्धिके साथ वो चुस्त स्वामि भक्त हो जाता है, और तैसे नहि करनेसे कदाचित् तिसकी श्रद्धा मंद होनेसे सेवा विमुखभी हो जाता है.

४६ पुत्रकी प्रत्यक्ष प्रशंसा नही करना.

पुत्र या शिष्य चाहे वैसा सद्गुणी हो, तदपि तिसकी समक्ष प्रशंसा नहि करनी सोही उत्तम नीति है. तिनमें विनयादि उत्तम गुण बढानेका वो रस्ता है. बाल्यावस्थामें अच्छे संस्कार प्राप्त हो ऐसी फिकर रखनी वे माता पिता और गुरुकी फर्ज है. मगर गुण प्राप्त हुवे बिना मिथ्या प्रशंसासे अभिमानमें आ जानेसे कदाचित् तिनका जन्म बिगडता है. ऐसा समझकर तिनकी परिपक्व स्थिति होजाने तक विचार विवेकसे वर्त्तना, जिस्से तैसा सद्विवेक शीखकर पुत्र, पुत्री, शिष्य वा शिष्या अपना जन्म सुखपूर्वक सुधार सकता है. पुत्रादि समक्ष माता पितादिकोभी अपशब्दादि अविवेक यत्नसे त्याग देना.

४७ स्त्री की तो प्रत्यक्ष वा परोक्ष भी प्रशंसा करनीही नहि.

स्त्रीका स्वभाव तुच्छ होनेसे अपूर्णता बताये बिगर नहि रहेती, वास्ते चाहे वैसी गुणवंती स्त्री हो तोभी मनमेंही समझ रहेना. स्त्रीकोभी पति तर्फ विनीत शिष्यकी माफिक विशेष नम्र होनेकी

आवश्यकता है. अपना पतिव्रत तबही यथाविधि समाला जाता है. पतिकोभी स्त्रीकी तर्फ उचित मृदुता अवश्य रखनी चाहिये. ऐसे एक दूसरेकी अनुकूलतासे गृहयंत्रके साथ धर्मयंत्रभी अच्छी तरह चल सकता है. तिस बिगर दोनु यत्र बार बार बिगडे या रुक-जाते है अपशब्दादि अपमान त्यागकर स्त्रीका अपनी तरह श्रेय चाह-कर वर्तना. स्वदारा संतोषी पतिकी तरह समझदार स्त्रीकोभी अपना पतिव्रत अवश्य पालन करना जैसे स्वश्रेयपूर्वक स्व संततिभी सुधारने पावे तैसे स्त्री भर्तार दोनुने संप संतोष पूर्वक सद्वर्तन सेवनमें सदैव तत्पर रहेना चाहिये. जैसे आगेके वल्लभ अपना पवित्र शीलभू-षणसे भूषित वहोतसी सती शिरोमणीयोने अपना नाम अपने अद्भुत चरित्रसे प्रसिद्ध कीया है, तैसे अबीभी सूविवेकी भाइ और भगिनीये पावन शील रत्न धारनकर सुशीलता योगसे भाग्य-शाली होनाही योग्य है.

४८ प्रिय वचन बोलना.

दुसरे मनुष्यको प्रिय लागे ऐसा सत्य और हितकर वचन बोलना. प्रसंगोपात विचारके कहा हुवा हितमित वचन सामने वालेको प्रिय हो पडता है. बिना विचारा, औसर बिगरका, कर्णकटुक भाषण कभी सच्चा हो तोभी अप्रिय होता है, और मीठा, गर्व रहित, विवेकपूर्वक विचारके समयोचित बोलाहुवा वचन वहोत प्रिय और उपयोगी हो पडता है. मगर उस्से विपरीत बोलना अहितकारी होता है. जो लोकप्रिय होनेको चाहते हो तो उक्त विवेक समालके धर्मको बाध न आवे तैसा निपुण भाषण करना शीखो. तैसा समयोचित विनय वचन वशीकरण समान समझना. कहाभी है कि ' एक बोलवो न शीख्यो सब शीख्यो गयो धूरमें ! '

४९ विनय सेवन करना चाहिये.

नम्रता, कोमलता, मृदुता वगैरे पर्यायवाची शब्द है सो सब विनयकेही है. विनय सब गुणोका वश्यार्थ प्रयोग है. विनयसे शत्रु भी वश हो जाता है विवेकसे गुणिजनोका कीया हुवा विनय श्रेष्ठ फल देता है और विनय बिगरकी विद्याभी फलीभूत नहि होती है.

५० दान देना.

लक्ष्मीवत होकर सुपात्रादिको विवेकसे दान देना सोही लक्ष्मी-वंतकी शोभा वा सार्थकता है. विवेकपूर्वक दान देनेवालेकी लक्ष्मीका व्यय कीये हुवेभी कुवेके पानीकी तरह निरंतर पुण्यरुप आमदनीसे बढती होती जाती है. विवेक रहित पनेसे व्यसनादिमें उडादेने वालेकी लक्ष्मीका तत्वसे वृद्धि विनाही तुरत अंत आ जाता है. सूम-कंजुसकी लक्ष्मी कोइ भाग्यवान् नर ही भुक्ता है—व्यय करके लाभ प्राप्त करता है; परतु ममण शेठकी तरह तिनसे एक दमडीभी शुभ मार्गमें खर्ची नहि जाती और न वो विचारा तिसको उपभो-गमेंभी ले सकता, पूर्वजन्ममे धर्मकार्यकी अंदर गडबड डालनेका यह फल समझकर दानातराय नहि करना.

५१ दूसरेके गुणका ग्रहण करना.

आप सद्गुणालंकृत हो तदपि संत साधु जन दूसरेका सद्गुण देखकर मनमें प्रमुदित होते है. तोभी सज्जनोकी अंदरके सद्गुणोको देखकर असहनताके लिये दुर्जन उलटे दिलमें दुःख पाते है—दिल-गीर होते है और अंतमें दुधकी अदर जतु ढुढने मुजब तैसे सद्-गुणशाली सज्जनोंमेंभी मिथ्या दोषारोपण करते है और झुंटे दूषण लगाकर महा मलीन अध्यवसायसे बावले कुत्तेकी तरह बुरे हालसे मृत्यू पाकर दुर्गतिमें जाते है. अमृतकी अंदर विष बुद्धि जैसे सद्-

गुणोंमें औगुनपनका मिथ्या आरोप कबीभी हितकारी नहि है ऐसा समझकर सुज्ञ जनको गुणही ग्रहण करनेकी और सदगुणकी प्रशंसा करनेकी अवश्य आदत रखनी.

५२ औसरपर बोलना.

उचित औसरकी प्राप्ति बिगर बोलनाही नहि. उचित औसर प्राप्त हो तोभी प्रसग—मोका समालकर प्रसगानुयायी थोडा और मीठा भाषण करना. बिन औसर हदसे ज्यादा बोलनेसे लोकप्रिय कार्य नहि हो सकता. मगर उलटा कार्य बिगडता है. ऐसा समझकर हरहमेशां सच्चा हितकारी और थोडा—मतलब जितनाही विवेकसे भाषण करनेकी दरकार करना. प्रसंगके सिवा बोलनेवाला बकवादी, दिवाने मनुष्यमें गिनाया जाता है, यह खूब यादमें रखना!

५३ खल—दुर्जनकोभी जनसमाजकी अंदर योग्य सन्मान देना.

सिरो लिखित नीति वाक्य सज्जनोको अत्युपयोगी है. उक्त नीतिके उल्लंघनसे क्वचित् विशेष हानि होती है. दौर्जन्य दोषके प्रकोपसे खलजन स्हामनेवालेको संतापित करनेमें बाकी नहि रखता है.

५४ स्व परहित विशेषतासे जानना.

हिताहित, कृत्याकृत्य वा बलाबलका विवेकपूर्वक स्वशक्ति देश-काल मानादि लक्षमे रखकर उचित प्रवृत्ति करनेवालेको हित अन्यथा अहित होनेका संभव है, वास्ते सहसा—विना शोचे काम नहि करनेकी आदत रख कदम दर कदम विवेकसे वर्त्तनेकी जरुरत है, सद्विवेक-धारी (परीक्षापुर्वक प्रवृत्ति करनेवाले) का सकलार्थ सिद्ध होता है.

५५ मंत्र तंत्र नहि करना.

कामन, टोना, वशीकरणादि करना कराना ए सुकुलीन जनका

भूषण नहि है. वास्त वने जहांतक तिस वातसे दूर रहेना. और परका मत्रभेद करना नहि--कीसीका भेद कीसीको कहेना नहि. और गुप्त वात जहा चलती हो वहा खडा रहेना नहि.

५६ दुसरे—पीरायेके घर अकेला नहि जाना.

यह शिष्ट नीति अनुसरनेमें अनेक फायदे है. इस्से शीलव्रतका संरक्षण होता है, सिरपर झुठा कलक नहि चडता है; यावत् मर्यादाशील गिनाकर लोगोंमें अच्छा विश्वासपात्र होता है.

५७ कीइ हुइ प्रतीज्ञा पालन करनी.

अव्वल तो प्रतिज्ञा करनेकी वख्तही पूर्ण विचार कर अपनेसे अव्वलसे आखिरतक निभाव हो सके वैसीही योग्य (वन सके वैसी) प्रतिज्ञा करनी चाहिये. और कभी उत्तम जनने प्रतिज्ञा करली तो योग्य प्रतिज्ञाका प्रयत्नपूर्वक पालन करना.— नाकमें दम आ जानेतकभी खंडित नहि करनी. विचार करके समजपूर्वक की हुइ लायक प्रतिज्ञा सोही सत्य और शुभ प्रतिज्ञा गिनी जाति है. तैसी सत्य और शुभ प्रतिज्ञासे भ्रष्ट हुए मनुष्य अपनी प्रतिष्ठाको खोकर अपवादके पात्र होता है. अविवेक न होने पावे ऐसी हरदम फिकर जरुर रखनी योग्य है. योग्य विचारपूर्वक की हुइ प्रतिज्ञा प्राणकी तरह पालनी ये दरेक विचारशील सुमनुष्यकी फर्ज है सच्चे सत्यवंत पुरुष तो स्वप्रतिज्ञाको प्राणसेभी ज्यादा प्रिय गिनकर पूर्ण उत्साहसे पालन करते है. फक्त निर्बल मनके कायर—डरपोक मनुष्यही प्रतिज्ञा खोकर पत गुमाते है.

५८ दोस्तदारसे छुपी वात न रखनी.

जिस मित्रके साथ कायम दोस्ती रखनेकी चाहना हो तो तिनसे कुच्छभी पटंतर—भेद—जुदाइ नहि रखनी. खाना और

खीलाना, मनकी बाते पूछनी और केहनी, और अच्छी वस्तु जरूरत हो तो देनी और लेनी ये छः मित्रताके लक्षण है.

५९ किसीकाभी अपमान नहि करना.

मान मनुष्यको बहोतही प्यारा लगता है. मानभंग——अपमानसे मनुष्यको मरणके समान दुःख होता है. यह वार्त्ता बहोत करके हरएक जनको अनुभव सिद्ध हो चूकी होगी. कीसीकाभी अपमान न करते तिनका मीठे वचनादिसे सन्मान करनेसे अपनेको और दुसरेको लाभ होनेका सभव है. गुन्हागार मनुष्यकी भी अपभ्रछना करने करते तो मीठे—मधुर वचनसे यदि तिनको तिनके दोषका स्वरुप पहिले अच्छे प्रकारसे समझाया जाय तो बहोत करके पुनः अपराध—गुन्हा करना छोड देता है. मृदुता यह ऐसी तो अजब चीज है कि तिनसे वज्र जैसा मान अहकारभी पिगल जाता है. यह प्रभाव विनय गुणका है, वास्ते दूसरे निकमें लाखो उपाय छोडकर यह अजब गुणकाही घटित उपयोग करना दुरुस्त है. ऐसा करनेसे अपना कार्य बहोत स्हेलाइसे पार हो सकता है.

६० अपने गुणोंकाभी गर्व नहि करना.

उत्तम जन गर्व नहि करते है सो ऐसा समझकर नहि करते है कि गर्व करनेसे गुणकी हानि होती है. सपूर्ण गुणवंत, ज्ञानी, ध्यानी वा मौनी समुद्रकी तरह गभीरतावंत होनेसे गर्व नहि करते है. फक्त अपूर्ण जन होते है सोही अपनी अपूर्णता जाहीर करते है. अपनी वडाइ करनेसे परनिंदाका प्रसग सहजहीमें आ जाता है. परनिंदाके वडे पापसे गर्व—गुमान करनेवालेका आत्मा लिप्त होकर मलीन होता है. जिस्से मिले हुवे गुणोंकीभी हानि होती है, तो नये गुणोंकी प्राप्तिके लिये तो कहनाही क्या? (जहां गाठकी मुंडी भी गुम जाती है तो नया लाभ होनेकी आशाही कहासे होय!)

ऐसा समझकर सुज्ञ जन अपने मुखसे अपनी बडाइ वा दूसरेकी लघुता करतेही नहि.

६१ मनमेंभी हर्ष नहि ल्याना.

' बहु रत्ना वसुंधरा ' पृथिवींमें बहोतसे रत्न पडे है, ऐसा समझकर आपभी शिष्ट नीति विचारके आप तैसी उत्तम पक्तिके अधिकारी होनेके लिये प्रयत्न करना. जहातक संपूर्णता आ जावे वहातक सन्नीतिका दृढालंवन कीये करना दुरस्त है. यदि किंचितभी मंद पडकर मनको छुट्टी दी तो फिर खरावी तैसीही होती है अल्प-गुण प्राप्तिमेंही मनको दिमागदार बनानेसे गुणकी वृद्धि नहि होती है. बहोतही गुणोकी प्राप्ति होनेपरभी जो महाशय गर्व रहित प्रसन्न चित्तसे अपना कर्त्तव्य कीया करते है वो अंतमें अवश्य अनत गुण गणालकृत होकर मोक्षसंपदा प्राप्त करते है.

६२ पहिले सुगम, सरल कार्य शुरु करना.

एकदम आकाशको वगलगिरी करने जैसा न करते अपनी गुंजाश—ताकात याद कर धीरे धीरे कार्य लाइनपर ल्याना, सोही श्यानपनका काम है. एकदम विगर सोचे सिरपर वडा काम उठा लेकर फिर छोड देनेका वख्त आ जाय और उलटा छछोरुवापन—बेवकूफी सरदारी लेनी पडे उस्से तो समतासे काम लेना सोही सबसे बेहतर है.

६३ पीछे बडा कार्य करना.

कार्यका स्वरुप समझकर समतासे वो शुरु किये बाद चित्त उत्साहादि शुभ सामग्री योगसे युक्त कार्यकी सिद्धिके लिये पुख्त प्रयत्न करना. ऐसी शुभ नीतिसे कार्य करनेमें अध्यवसायकी विशुद्धिसे उत्तम लाभ प्राप्त होता है.

६४ (परंतु) उत्कर्ष नहि करना.

शुभ कार्य समतासे शुरु करके तिनकी निर्विघ्नतासे समाप्ति

होने बादभी अभिमान या बडाई जैसा कुच्छभी करना नहि. मनमें ऐसी श्रद्धा—समझ ल्याके कि कोइभी कार्य काल, स्वभाव, नियति पूर्व कर्म और पुरुषार्थ ये पाचो कारण प्राप्त हुवे बिगर होताही नहि, तो वो पाचो कारण मिलनेसे कार्य हुवा उसमें गर्व काहेका करना चाहिये? क्यों कि कार्य तो उन कारणोंने कीया है. वास्ते गर्व छोड कार्य सिद्ध होनेसे श्रद्धा—दृढतादि विवेकसे नम्रताही धारण करनी दुरस्त है. वैसे सुनम्र विवेकी जन जगत्के अंदर अनेक उपयोगी शुभ कार्य कर सकते हैं.

६५ परमात्माका ध्यान करना.

बाह्यात्मा, अंतरात्मा और परमात्मा ऐसे आत्माके तीन प्रकार है. शरीर कुटुंबादि बाह्य वस्तुओंमें व्याकुलतावंत हो रहा हुवा बाह्य-आत्मा कहा जाता है. अंतरके भीतर विवेक जागृत होनेसे जिस्को गुण—दोष, कृत्याकृत्य, लाभालाभका भान—शुद्धि हुइ हो, स्व परकी समझ पड गइ हो, ज्ञानादि गुणमय आत्मा सोही मैं हुं और ज्ञानादि उत्तम गुण संपत्तिही मेरे सिवाय शरीर, कुटुंब, धन, धान्यादि सब पुद्गलिक वस्तुओ है ऐसा समझनेमें आया हो वो अंतरात्मा कहा जाता है. और जिसने संपूर्ण विवेकसे मोहादि कुल अंतरंग शत्रुओंका सर्वथा उच्छेद करके विमल केवल ज्ञानादि अनंत आत्मसंपत्ति हाथ की हो सो परमात्मा कहाजाता है. बहिरात्मा, परमात्माका ध्यान करनेको नालायक है और अंतरात्मा लायक है. अंतरात्मा, परमात्माके पुष्टालंबनसे दृढ श्रद्धा—विवेक प्राप्तकर आपही परमात्मपद प्राप्त करता है. वास्ते मोह माया छोडकर सुवि-वेकसे अंतरात्मापन आदरो. आत्मार्थी जनोंने परमात्माका ध्यानका अधिकार—योग्यता प्राप्त कर निश्चय चित्तसे परमात्माका पद प्राप्त करनेको प्रयत्न—सेवन करना योग्य है. जन्म, जरा और मृत्युरुप

अनंत दुःख—उपाधिमुक्त सर्वज्ञ परमात्मा होवे है. तिनका तन्मय ध्यान योगसे कीट भ्रमर न्यायसे अंतरात्मा परमात्मपद पाता है. अनंत ज्ञानादि अखंड सहज समाधि पाकर परमानंद सुखमग्न हो रहता है. तैसे परमात्माको अक्षय सुखार्थी आत्मार्थी जनोको हमेशा शरण हो! तैसे परमात्माकी भक्तिरूप कल्पवल्ली भव्य प्राणियोंके भव दुःख दूर कर मनेच्छा पूर्ण करो! यावत् भव्य चकोर शुक्ल ध्यान पाकर भवभवकी भ्रमणा भागकर संपूर्ण निरुपाधी मोक्षसुख स्वाधीन कर अक्षय समाधिमें लीन हो!!

६६ दुसरेको अपने आत्माके समान जानना.

समस्त जीवोमें जीवत्व समान है, ऐसा समझकर सबको अपने जैसा गिनना. द्वैतभाव छोडकर समता सेवन कर किसी जीवको दुःख न हो वैसे यतनासे वर्त्तन चलाना. चीटींसे हाथी—सब जीवित सुख चाहता है. राजा, रंक, सुखी, दुःखी, रोगी, निरोगी, पंडित मूर्ख सब निर्विशेष—समान रीतसे सुखके अर्थी है. प्रमाद प्रवर्त्तन या स्वच्छंद वर्त्तनसे कोइ जीवको सुखमें अंतराय करनेसे वो प्रमादी या स्वच्छंदी प्राणी बाधक कर्म बांधता है. जिस्का कटुक फल तिनको अशुभ कर्मके उदय समय अवश्य सहन करना पडता है, वास्ते शास्त्रकार कहते है किः—

“ बंध समय चित्त चेतिये शो उदये संताप ”

इत्यादि बोध वचनोंको लक्षमें रखकर सुखार्थी जनोंने सर्वत्र समता रखकर रहेना योग्य है. मैत्री, प्रमोद, करुणा और मध्यस्थ-भावकी प्राप्तिभी ऐसेही हो सकती है. जहातक ए मैत्री वगैरा भावना चतुष्टयका प्रादुर्भाव—उदय हुवा नहि वहांतक शिवसंपदा बहोतही दूर समझनी.

६७ राग द्वेष करना नहि.

काम, स्नेह, अभिष्वंग वगैरा रागके पर्याय शब्द है, और द्वेष, मत्सर, ईर्ष्या, असूया निन्दादि रोषके पर्याय है. स्फटिक रत्न समान निर्मळ आत्मसत्ताको राग द्वेषादि दोष महान उपाधिरूप होनेसे विवेकवंत जनोने यत्नसे परिहरने योग्य है. जहांतक महा उपाधिरूप ए रागद्वेषादि दोष दूर होवे नहि वहातक कबीभी आत्माका शुद्ध स्वरूप प्रकट हो सकता नहि, वो रागादि कलंक सर्वथा टळ-हट गया कि तुरतही आत्मा परमात्मपद पाता है. वास्ते परमात्मपदके कामीजनोने शत्रुभूत राग द्वेषादि कलंक सर्वथा दूर करनेको दृढ प्रयत्न करना जरुरका है. यतः—

" राग द्वेष परिणाम युत, मन हि अनंत संसार ॥ तेहिज रागादिक रहित, जानी परमपद सार ॥ " (समाधि शतक.)

तथा ए कर्मकलंक दूर करनेके वास्ते सक्षेपसे बाळजीवोके हितार्थ अन्यत्र भी कहा है किः—

" शुद्ध उपयोगने समता धारी, ज्ञान ध्यान मनोहारी ॥ कर्म कलंकको दूर निवारी, जीव वरे शिवनारी ॥ आप स्वभावमें रे अवधू सदा मगनमें रहेना ॥ "

इत्यादि रहस्य भूत ज्ञानके वचनोको मोक्षार्थी जीवोको परम आदर करना योग्य है, जिस्से सब ससार उपाधीसे मुक्त होकर परमपद त्वरासे प्राप्त कर सके. सर्वज्ञ भाषित सदुपदेशका येही सारतत्व है. ज्युं बने त्युं चूपसे राग द्वेष मळ सर्वथा दूर कर निर्मळ हो जाना. राग द्वेष मळ सर्वथा दूर हो जानेसे आत्माको शुद्ध वीतराग दशा प्राप्त होती है. तैसी शुद्ध वीतराग दशा सोही परमात्मा अवस्था है. वो हरएक मोक्षार्थी सज्जनोंको राग द्वेषादि मळका सर्वथा परिहार करके-सद्विवेक बळसे प्राप्त करनी ही योग्य

है. उक्त सर्वज्ञ—उपदेश रहस्यको समझकर जो महाभाग, रुचि प्रीतिसे स्वहृदयमें धारेंगे वो सुविवेकी सज्जनकी समीपमें शिवसुख लक्ष्मी स्वेच्छासे आ क्रीडा करेगी.

श्री सर्वज्ञ प्रणीत स्याद्वादशैलीको अनुसरके पूर्वाचार्य प्रसादि-कृत प्रकरणादि ग्रंथोके आधारसे आत्मार्थी भव्योके हितार्थ, जो कुच्छ स्वल्प स्वमति अनुसारसे यहा कथन करनेमें आया है, उसमें मति मंदतादि दोषोसे उत्सूत्र—विरुद्ध भाषण हुवा होवे वो सहृदय—सज्जन सुधारकर जिस प्रकारसे जयवता जैनशासनकी शोभा बढे, जैसे अनादि अविवेक दूर हो जाय, और सद्विवेक जागृत होवे, जैसे दुरंत दुःखदायी स्वच्छंद वर्त्तन छोडकर संपूर्ण सुखदायी श्री सर्वज्ञ कथित सन्नीतिका सद्भावसे सेवन होवे, जैसे सम्यक् ज्ञान प्रकाशसे व्यवहार शुद्ध होवे जैसे लोकविरुद्ध त्यागसे शुद्ध देव, गुरु और धर्मका अच्छे प्रकारसे आराधन कर, अंतमें अक्षय सुख संप्राप्त होवे तैसे वर्त्तन रखनेकी सज्जनोको मेरी अभ्यर्थना है. नाकमें दम आ जाने तक भी प्रार्थना भंग नहि करनेकी उत्तम नीतिका अवलंबन करके सज्जन महाशय सत्यका कथन करना नहीं चुकेंगे. उत्तम हंसके समान सज्जन जन गुणमात्रकोही ग्रहण कर औगुण—दोष मात्रका त्याग करके जैसे स्व परकी तत्वसे उन्नति साध सके वैसे ध्यान देके वर्त्तनेको अवश्य विवेक धरेंगे. आशा है कि, परोपकार परायण सज्जन वर्ग सत्य नीतिकी उडी नीव डाल उसपर अति उमदा धर्मकी इमारत बांधकर उसमे कुटुंब सहित नित्य विलास करेंगे. और सम्यग् ज्ञान, दर्शन चारित्रका यथाशक्तिसे आराधन कर अंतमें अविनाशी पद पाकर जन्म मर-णादि दुःखोका सर्वथा नाश करेंगे. और सर्वज्ञ—सर्वदर्शी होकर लोकालोकको हस्तामलकवत् देखेंगे. यावत परम सिद्धिदायक पर-मात्मपद प्राप्त कर पूर्णानंद चिद्रूप हो रहेंगे. (इत्यलम्.)

सद्उपदेश सार संग्रह

१ जीवदया— हरहम्मेश जयणा पालनी, किसी जीवको दुःख या पीडा हो तैसा कुच्छ भी कार्य कभीभी समझकर—देखकर करना नहि और करानाभी नहि.

२ झूठ बोलना नहि— क्यों कि तिस्से दूसरे सामनेवाले मनुष्यको अपने पर अविश्वास आता है; और कभी सत्यभी मारा जाता है

३ चोरी करनी नहि— चोरी करनेवाला कभी सुखी नहि होता है. चोरीसे संपादन किया हुवा धन माल घरमें रहेताही नहि, चोरका कोइ विश्वासभी नहि करता. चोर मरण आये विगरही मरता है याने फासी वगैरा बूर हालसे मरता है. चोर भटकती फिरती हरामके माल खानेवाली भैंसकी तरह असंतोषी होता है.

४ व्यभीचारभी करना नहि— परस्त्रीगमन और वेश्यागमन भाइयोंको, और परपुरुषादि गमन बाइयोंको अवश्य त्याग देनेही लायक है. ऐसा कर्म लोक बिरुद्ध होनेसे निंदापात्र होता है, कुलको कलंक लगता है और नरकादि दुर्गति प्राप्त होती है

५ अत्यंत तृष्णा रखनी नहि— अति लोभ दुःखकाही मूल है और लोभ अनेक पापकर्म करानेके लिये जीवको ललचाके दुर्गतिमें डालता है.

६ क्रोध नहि करना— क्रोध अग्निके समान संतापकारी है. प्रथम आपहीको संतापता है. और जो सामनेवाला मनुष्य समझदार क्षमावंत नहि हो तो तिस्कोंभी संताप कराता है क्रोधको टाल देनेका उत्तम उपाय क्षमा, समता वा धैर्य है.

७ अभिमान करना नहि— जो सख्स अहंकार करते है सो

मानहीन हो जाकर नीचा दरज्जा पाते है, और जो नम्र रहते है सो उंचे दरज्जेके अधिकारी होते है. कहा है कि जहा लघुता वहा प्रभुता विद्यमान रहती है. कुल, जाति, बल, तप, विद्या लाभ और ठकुराइ आदिका गर्व कभीभी नहि करना.

८ माया कुटिलता करनी नहि—छल, प्रपंच, दगा, दंभ, वक्रता, कपट करके अपनी मगरूरतासे उलटे रास्तेपर चलनेवाला कभी सुख पाताही नहि कहानीभी है कि 'दगा किसीका सगा नहि.' कपटि जनकी धर्मक्रिया निष्फल होती है. कपटी मनुष्य मुंहका मीठा मगर दिलका झूंठा होता है.

९ लोभको त्याग देना— लोभी मनुष्य कृत्याकृत्य, हिताहित भक्ष्याभक्ष्य करनेमें विवेकहीन होकर अग्निके समान सर्वभक्षक बनता है.

१० राग द्वेष नहि करना— राग द्वेष दोषसे आत्मा मलीन होता है. राग द्वेष दोनुं साथही रहते है तिन्होको जीतनेके लिये वीतराग प्रभुजीकी सहायता मदद मागनेकी आवश्यकता है, क्यों कि वह प्रभु सर्वथा रागद्वेषरहित अनंत शक्तिवंत और अनंत गुणवंत है.

११ क्लेश करना नहि— कलह–क्लेश दुःखकाही मूल है. जहा हरहमेशा क्लेश हुआ करता है वहा लक्ष्मी पलायन कर (भाग) जाती है. इस लिये क्लेशसें दूर रहेना.

१२ झूंठा कलंक नहि देना— किसीको झूठा कलंक लगा देना उस्के समान दूसरा ज्यादा पाप नहि है. झूंठे कलंकसे जीवको मरण सादृश दुःख होता है जैसा दुःख दूसरे जीवको देनेमें तत्पर होता है तैसा बल्कि तिस्सेंभी सोगुना, लाख क्रोड गुना कटुक दुःख देनेवालेको पर भवमें भुक्तना पडता है.

१३ चुगली करनी नहि— चुगलखोर मनुष्य दुर्जन गिना जाता है. चुगली करनेकी बुरी आदतसे कचित् अच्छे भले मनुष्यभी संकटमें फस जाते हैं.

, १४ वैभवके वख्त छक जाना नहि— सुख प्राप्त होतेही विचार कर लेना के सुखका साधन धर्मही है, तो तिस्कीही सेवना करनी योग्य है. यह समझकर धर्म सेवन करना.

१५ दुःखके वख्त दीनता करनी नहि— दुःख आनेसे विचार लेना के दु.खका निदान पाप–दुष्कृत्यही है, तो तिस वख्त पापसे बहोतही डरते रहेना फायदेमंद है.

१६ पराइ निंदा नहि करनी— निंदाखोर मनुष्य धर्मी भाई बाइयोंकीभी निंदा करता है, तिस्से तिस निंदकका आत्मा अत्यंत मलीन होता है. निंदा करनेवाला मृत्युके शरण हो करके नारकी होता है. महान पातकी होनेके लिये निंदकको ज्ञानी जनभी उनको कर्मचंडाल कहकर बुलाते हैं.

१७ कहेनी और रहेनी समान रखनी— कहेना कुछ और करना कुछ, यह तो जाहीर ठगाइ और लघुताइ गिनी जाती है. सज्जन जो बोलता है सोही पालता है. और प्रतिज्ञा पल सके तित-नाही बोलते है. सज्जन पुरुष सदाचारवंत होते है. लोक विरुद्ध वर्तन तो सर्वथा तज देते है.

१८ झुंटा–खोटेका पक्ष नहि खींचना— सत्यासत्यकी परीक्षा करके निश्चय कर सच्चेकाही हम्मेशां पक्ष ग्रहण करना. परीक्षा किये विगर कदाग्रहके लिये खोटेका पक्ष–तरफदारी खींचना यह आत्मार्थीका लक्षण नहि है.

१९ शुद्ध देवकीही सेवना करनी— राग द्वेष और मोहादि महा दोषसे सर्वथा वर्जित निर्दोष, निष्कलंक, सर्वज्ञ, सर्वदर्शी,

वीतराग, परमात्मा (जिस्का नाम चाहे सो हो, मगर गुणमें सर्वोत्कृष्ट हो सो), तिन्होंकाही अनन्य भावसे शरण ग्रहण करना.

२० शुद्ध गुरुकीही सच्चे दिलसे सेवा करनी— आप निर्दोष, वीतराग शासनको सेवने वाले और अन्य आत्मार्थी सज्जनोको ऐसाही निर्दोष मार्ग बतानेवाले क्षमा, मृदुता, सरलता अने निर्लोभतादिक श्रेष्ठ गुणोको भजनेवाले भिक्षु, साधु, निर्ग्रंथ, अणगार–मुमुक्षु–श्रमणादिक सार्थक नामसे पिछाने जाते मुनिगणही शुद्ध गुरुबुद्धिसे सेवन करने योग्य है.

२१ शुद्ध सर्वज्ञ कथित धर्मकीही समझकर सेवा करनी— दुर्गतिसे बचाकर सद्गति प्राप्त करानेवाला, स्याद्वाद अनेकांत मार्ग मध्य शुद्ध श्रद्धा रखकर सेवा करनी दोष मात्रको दलन करनेमें समर्थ महाव्रत सेवन करनेरुप प्रथम मुनीमार्ग, उस्के अभावसे अणुव्रत सेवन करनेरुप दुसरा श्रावक मार्ग, और महाव्रतादि सम्यक् पालनमें असमर्थ होते भी दृढ शासनरागसे शुद्ध मार्ग सेवन करनेवालोंका बहोत मान्यपूर्वक सत्यतत्व कथन होनेसे तीसरा संविज्ञ पक्षीय मार्गको आत्मार्थी सज्जनोंने दृढ आलंबन योगसे जलदी भव समुद्रसे पार करनेवाला समझकर सेवन करनाही योग्य है.

२२ शुद्ध देवगुरु अने धर्मकी सेवा करने लायक होना चाहिये—(तैसी योग्यता प्राप्त करनी चाहिये.) अयोग्य–योगता रहित मलीन आत्मा शुद्ध देव, गुरु धर्मकी सेवाका अधिकारी नहि है.

२३ आत्माकी मलीनता दुर करनेको मथन करना—अपने मन वचन और शरीरको नियममें रखनेसे आत्मा निर्मळ हो सकता है.

२४ क्षूद्रता त्याग देनी—नीच मलीन बुद्धि त्याग कर

सुबुद्धि धारण कर कर अंतःकरण निर्मळ करना. गंभीर दिल रखना, तुच्छता करनी नहि, दुसरेके छिद्र तर्फ दुर्लक्ष देकर अपना और दुसरेका हित किस प्रकारसे होय सोही दाने दिलसे विचारना.

२५ मात्र न्यायसेही धन उपार्जन करके आजीविका चला लेनी योग्य है.—ससार व्यवहार वा धर्मव्यवहार अच्छी तराहसें चलानेके लिये न्याय नीतिकोही अगामी रखके योग्य व्यापारद्वारा द्रव्य उपार्जन करना मुनासिब है न्यायद्रव्यसे मति निर्मळ रहेती है. कहाहै कि.—'जैसा आहार वैसाही उदगार.' अन्यायका परिणाम विपरीत आता है॰

२६ स्वभाव शीतळ रखना—कडक प्रकृति वहोत दफे नुकसान करती है, ठडी प्रकृतिवाला सुखसे स्वकार्य सिद्ध कर सकता है, और अपने शीतल स्वभाव बळसे समस्त जन समुदायको अवश्य प्रिय वल्लभ लगता है.

२७ लोक विरुद्ध कार्य कभी करनाही नहि—मास भक्षण, मदिरापान, शीकार, जुगार, चोरी, और व्यभिचार यह सब महा निंद्यकर्म उभय लोक याने यह जन्म और परजन्म विरुद्ध है, तिस्से करके उक्त कार्य अवश्य त्यागदेने लायकही है.

२८ क्रूरता नहि करनी—कठोर दिलसे कोइभी पापकर्म करना नहि. नहितो उस्सें उभयलोक बिगडते है और निंदापात्र होता है.

२९ परभवका डर रखना—बुरे कार्य करनेसे प्राणीको परभवके अंदर नरक तीर्यंचके अनत दु.ख भुक्तने पडते है. ऐसा समझकर तैसे नीच अवतार धारण करने न पडे ऐसी पेहेलेसेही खबरदारी रखनी और अपना वर्त्तन सुधारकर चलना.

३० ठगबाजी करनी नहि— ठग लोगोको दुसरे मनुष्योकी खुसामत करते हुएभी हरहम्मेशा अपना कपट छुपानेके लिये

दुसरोका भय रखना पडता है. ठगलोग दुसरेको ठगनेकी इतेजा-रीका उपयोग करनेमें आपही बहोत ठगाते है. विचारे ठगलोग समझते नहि है कि हमलोग धर्मके अन अधिकारी होनेसे हमारी धर्मकरणी कष्ट काया कलेशरुप निकम्मी हो जाती है.

३१ वडिलकी मर्यादा उल्लंघन करनी नहि— वयोवृद्ध, ज्ञानवृद्ध और गुणवृद्धकी योग्य दाक्षिण्यता संभालनेसे अपना हित जरुर होता है.

३२ उत्तम कुल मर्यादा त्याग देनी नहि—नम्रता रखनी, कोइभी एब लगानी नहि. सुज्ञतासे वा स्यानेपनसे बोलना चालना इत्यादि उत्तम नीति रीति आदरनेके लिये प्रयत्न कियेही करना. मतलबमें इतनाही कहेना काफी है कि कोइभी प्रशंसनीय प्रकारसे कुलकी शोभामें वृद्धि हो वैसेही कार्य करना.

३३ दयार्द्र स्वभाव धारण करना— समस्त प्राणियोको समान गिनकर किसीका जीव दुःख पावे वैसा करना नहि सब जीवोंको मित्रके सादृश मान लेनाही लाजीम है.

३४ पक्षापक्षी करना नहि— सत्यकाही आदर करना. सत्य बाबतमें भेद भाव धरना नहि और शत्रु मित्र समान गिन लेकर मध्यस्थ भावमें स्थित होना.

३५ गुणिजनको देखकर प्रसन्न होना— यदि आपको गुण संग्रहनेकी जरूरत हो तो गुणिजनोको देखकर प्रसन्न रहो. क्यों कि गुण गुणियोके पासही निवास करते है. गुणिलोगोका अनादर कर-नेसे गुण दूर भाग जाते है और उनोका योग्य आदर करनेसे गुण नजदीक आते है.

३६ मोजमें आ जाय जैसा वाक्योच्चार करना नहि— जब जरुरत हो तब जरुरत जितनाही ज्ञानीके वचनानुसार बोलनेसे

स्व परका हित होता है अन्यथा उन्मत्त भाषणसे तो अवश्य अपना और दूसरेका अहितही होता है.

३७ समस्त अपने कुटुंबको धर्मचुस्त बनाना (धर्मचुस्त करनेमें योग्य यत्न-प्रयत्न उपयोगमें लेना.)— उपकारी कुटुंबियोके उपकारका दूसरी रीतिसे बदला दे सकते नहि, मगर धर्मके संस्कारी करनेसे उन्हके उपकारका बदला अच्छी तराहसे पूर्ण कर सकते है, और धर्मके संस्कारी होनेसे वोह सब प्रकारसे अनुकूलवर्ती होते है.

३८ विना विचार किये कोइभी कार्य करना नहि— साहस कार्य करनेसे कोइ वख्त जीव जोखममें झुक जाकर महान् शोकातुर होता है, इस लिये तिस्का अंतका परिणाम विचार करकेही घटित कार्य करनेमें तत्पर रहेना.

३९ विशेष ज्ञान संग्रह करना— सत्यतत्व जाननेके लिये जिज्ञासा हो तो अंध क्रियाका त्याग करके हरएक व्यवहार-क्रियाका परमार्थ समझकर सत्य-निष्कपट क्रिया करनेके लिये पूर्ण आदर करना.

४० हम्मेशां शिष्टाचार सेवन करना— महान् पुरुषोंने सेवन किया हुवा मार्ग सर्व मान्य होनेसे अवश्य हितकारी होता है, इस सबवसे स्वकपोलकल्पित मार्गको छोडकर सन्मार्ग सेवन करना. क्यों कि— ' महाजनो येन गतः सपन्थाः '

४१ विनयवृत्ति-नम्रता धारण करनी— सद्गुणी वा सुशील सज्जनोंका उचित विनय करना. सद्गुणी जनोंका कभीभी अनादर करना नहि. क्यों कि विनय सोही समस्त गुणोंका वश्यार्थ प्रयोग है. धर्मका मूलभी विनय है. विनयसेही विद्या फलीभूत होती है. और विनयसेही अनुक्रम करके सर्व संपत्ति संपादन होती है.

४२ उपकारी जनका उपकार भूल नहि जाना—माता, पिता और मालिकका उपकार अतुल माना जाता है. वह सबसे धर्मगुरुका उपकार बेहद है. तिन्हका उपकारका बदला पूर्ण करनेका सच्चा उपाय यह है कि तिन्हको जरुरतके समय धर्ममें मदद देनी ऐसा समझकर वैसी उत्तम तक-मौका सुज्ञजनको खो देना नहि चाहीये. क्यों कि, गया वख्त फेर हाथ आता नहि.

४३ यथाशक्ति जरुर पर दुःखभंजन करना—दीन, दुःखी, अनाथ जनको यथा उचित सहाय देकर तिन्होंको आश्वासन देना. और कुछ न बन सके तो योग्य वचनसेभी तिन्होंको संतोष देना. तिन्होंका जीवात्मा कोइ प्रकारसे दुःखी हो तैसा कुछ करना या शब्दोच्चारभी करना नहि. और तिन्होंको टिगमगाकर देना नही. जलदी अपनी शक्ति मुजब दे देना.

४४ कार्यदक्ष होना—अभ्यास बलसे कोइभी कार्यमें फिकर-मंद नहि होके तिस्को पार पहोंचानेमें पूर्ण हिम्मतवंत होना. आरंभ किये हुवे कार्यमें कितनेभी विघ्न आ जाय तोभी हाथ धरे हुवे कार्यमें निडरतापूर्वक अडग रहकर कार्य सिद्ध करना.

४५ मिथ्यात्व सेवन करना नहि—राग द्वेषसे कलंकित हुवे कुदेवोंका, तत्वसे अज्ञ मिथ्या कदाग्रही कुगुरुका और हिंसादि दूष-णोसे सहित कुधर्मका सर्वथा त्याग करना. अज्ञानमय होळी प्रमुख मिथ्या पर्वोकाभी अवश्य परिहार करना. मिथ्या देव देवीकी मानत नहि करनी. शासन भक्त सुरवरोंकी सच्चे दिलसे आस्था रखनी. क्यों कि, आपत्तिके वख्त भक्तजनोंको शासनदेवही सहायभूत होते है.

४६ शंका कंखा धारण करनी नहि— सर्वज्ञ वीतराग परमा त्माके प्रमाणभूत वचमनमें कदापि शंका करनी नहि. क्योंकि,

तिन्हकों सर्वथा दोष रहित होनेसे झूट बोलनेका कुछ प्रयोजन नहि है, इस्सें निःशंकपणे श्री जैनशासनकी शुद्ध दिलसे सेवा करनी. प्राणात होनेसेभी पाखंडी लोगोने फेलाइ हुइ जाळमें-फसाना नहि.

४७ धर्म संबंधी फलका संदेह करना नहि—जो साक्षात धर्म कल्पवृक्षका सेवन करके तीर्थंकर गणधर प्रमुख असंख्य मनुष्योंने साक्षात सुखका अनुभव कीया है उस पवित्र धर्मके अमोघ फलका संदेह निर्बल मनवाले मनुष्य सिवाय दुसरा कौन करेगा? अपितु अन्य कोइभी नहि करेगा.

४८ मिथ्यात्वका परिचय त्याग देना—'सोवते असर' यह दृष्टांतसे स्वगुण की हानी और कदाग्रही विपरीत दृष्टी जनके ज्यादा सगसे आत्माका सहज शत्रुभूत दुर्गुणकी वृद्धि होती है.

४९ मिथ्यात्वीकी स्तुति भी नहि करनी—इस्की स्तुति करनेसेभी मिथ्यात्वकीही वृद्धि होती है.

५० तत्वग्राही होना— मध्यस्थ वृत्तिसे सत्य गवेषक होकर सुवर्णकी तराह परीक्षा पूर्वक शुद्ध तत्व अंगीकार करना.

५१ जोहेरीकी मुवाफिक सुपरीक्षक होना—शुद्ध तत्व स्वीकारते पहेले जोहेरीकी तराह अपनी चातुर्यताका जहा तक बने वहा तक पूर्ण उपयोग करना.

५२ तत्वपर पूर्ण श्रध्दा रखनी—श्री सर्वज्ञ प्रभुके फरमाए हुए तत्व वचनोंपर पूर्ण प्रतीति रखनी, किंचितभी चलित नहि होना.

५३ नीच आचारवालेकी सोबत सर्वथा त्याग देनी—नीच सगतिसे हीनपदही प्राप्त होता है. प्रत्यक्ष देखो कि गंगानदीका पवित्र जलभी क्षार समुद्रमें मिल जानेसे क्षाररूप हो जाता है. ऐसा समझकर सत्संग सेवन करनाही मुनासिब है.

५४ धर्म (शास्त्र) श्रवण करनेमें तीव्र रुची करनी—जैसे कोइ सुखी और चालाक युवान बहोत उत्साहसे दैवी गायन नादको अमृत समान जानकर श्रवण करे तैसे बल्कि तिस्सेभी अधिक उत्कंठासे शास्त्र श्रवण करना योग्य है. शास्त्रवाणी श्रवण करनेमें बडी सक्कर—द्राक्षसेभी ज्यादा मिष्टता पैदा होती है.

५५ धर्मसाधन करनेपर बहोत रुची रखनी—जैसे कोइ ब्राह्मण जगल उलुघन करके थकित बनकर बेहोश हो गया हो और उस्को बहोतही भूक लगी हो, उस वख्त कोइ सख्श उस्से घेबरका भोजन दे दे तो बहोतही रुचिदायक हो. तैसे मोक्षार्थीको धर्मसाधन करना रुचिकर होना चाहिये.

५६ देवगुरुका वैयावच्च करनेमें कचाश नहि रखनी चाहिये—जैसे विद्यासाधक प्रमाद रहित विद्या साधनमें तत्पर रहेते है, तैसे शुद्ध देव गुरुका आराधन करनेमें कुशलता रखनी आत्मार्थीओंको योग्य है.

५७ विनयका स्वरुप समझकर अरिहंतादिकका निम्न लिखे मुजब आदर रखना—१ भक्ति (बाह्य उपचार), २ हृदयप्रेम—बहु मान, ३ सद्गुणोंकी स्तुति. ४ अवगुन—दोषदृष्टिका त्याग करना और ५ बनते तक आशातनाओसे दूर रहेना.

५८ शुध्द समकित पालना—(मन, वचन और कायासे) श्री जिन और जैनमार्ग बिगर समस्त असार है, ऐसा निश्चय करनेसे मनसे, श्री जिनभाक्तिसे जो बन सके सो करनेवाला दुनियामें दुसरा कौन समर्थ है, ऐसा कहेनेसे वचनसे, और अडगपनसे श्री जिनके सिवा अन्य कुदेवको कबिभी प्रणाम नहि करनेसे कायासे, ऐसे त्रिकरण शुद्धिसे सम्यकत्व पालना.

५९ जैनशासनकी प्रभावना करनेमें तत्पर रहेना—पवित्र

जैन सिद्धांतका पूर्ण अभ्यास करनेसे भव्य जनोको धर्मोपदेश देनेसे, दुर्वादीका गर्व मर्दनेसे, निमित्त ज्ञानसे, तपोबलसे, विद्यामंत्रसे, अजन योगसे और काव्य बलसे राजा वगेराहको प्रतिबोधनेमें, जैन-शासनकी विजयपताका फडफडानेमें घटित वीर्य स्फुरायमान करना.

६० जिस प्रकारसे समकित शुद्ध निर्मळ हो तिस प्रकारका त्वरासे उपयोग करना— शुद्ध देव गुरुको यथाविधि वदन करके, यथाशक्ति व्रत पच्चख्खाण करना. तथा उत्तम तीर्थ सेवा, देवगुरुकी भक्ति प्रमुख सुकृत ऐसी तराहसे करना कि जिस्से अन्य दर्शनी जनोभी वह वह सुकृत करणीकी अवश्य अनुमोदना करके बोध बीज बोकर भवांतरमें सुधर्म फळ प्राप्त करनेको समर्थ होके यावत् मोक्षाधिकारी होवे.

६१ अपराधी परभी क्षमा करनी—अपराधिकाभी अहित नहि करना, और बनसके वहातक अपराधीकोभी सुधारनेकी-केळवणी देनेकी इच्छा रखनी.

६२ मोक्ष सुखकीही अभिलाषा रखनी—जन्म मरणादि समस्त सासरिक उपाधि रहित अक्षय सुख सपादन करनेके लिये अहर्निश यत्न करना. देव मनुष्यादिकके सुखोंकोभी दु.खरूपही जानना.

६३ संसारके दु:खसे त्रासवंत होना—यह संसारको नरक वा कारागृह समान जानकर तिनसे मुक्त होनेका यत्न किये करना.

६४ पीडित जनोंको बने वहांतक सहायता देनी—द्रव्यसे दु.खी होनेवाले मनुष्योंको, तथा धर्म कार्यमें सीदाते हुवे सज्जनोंको यथायोग्य मदद देकर तिन्होंको घटित तोष देना. तिन्हकी उपेक्षा करके बेदरकार न रहेना. एकभी जीवको सत्य सर्वज्ञ धर्म प्राप्त करानेवाला महान् लाभ उपार्जन करता है.

६५ वीतरागके वचन प्रमाण करे— सर्वज्ञ वीतराग परमात्माने तीनों कालके जो जो भाव कहे है वह वह भाव सर्व सत्य है, ऐसी दृढ आस्तावाला मनुष्य उत्तम लक्षणोसे लक्षित समकित रत्नको धारण कर सुखी होता है.

६६ ग्रहण किये हुवे व्रत साहसीकतासे पालन करे—सत्य सत्ववंत शूरवीरोको लिये हुवे व्रत अखंडतासे पालन करनेमें तत्पर रहेना घटित है. प्राणात समयमेंभी अगीकार किये हुवे व्रतोंको खंडन करना मुनासिब नहि है.

६७ अपवादके वख्त जिस प्रकारसे धर्मका संरक्षण हो तिस प्रकारसे ध्यान पूर्वक वर्त्तना.— राजा, चोर दुर्भिक्षादिकके सबल कारणके वख्त जिस प्रबंधसे चित्त समाधिवंत रह सके तिस प्रबंध युक्त दीर्घदृष्टिसे स्वव्रत सन्मुख दृष्टि रखकर उचित प्रवृति करनी.

६८ हरेककार्य प्रसंगमे धर्ममर्यादा याद रखकर चलना— जिस्से धर्मको बाध न लगे, धर्म लघुता न पावे और स्वपर हित साधनमें खलेल न पहोंचे ऐसी उचित प्रवृत्ति करनी चाहिए.

६९ आत्मा हर एक शरीरमें विद्यमान है.— जैसे तिलमें तैल, फुलोमें खुसबु, दुग्धमें घृत, तैसे प्रत्येक शरीरमें आत्मा रहा है. सर्वथा शरीर रहित आत्मा सिद्धात्मा कहा जाता है.

७० आत्मा नित्य है— नारकी, तिर्यंच, मनुष्य और देवतारुप चारो गतिमें आत्मत्व सामान्य है.

७१ आत्मा कर्त्ता है— अशुद्ध नयसे आत्मा कर्मका कर्त्ता है और शुद्ध नयसे स्वगुणका कर्त्ता है.

७२ आत्मा भोक्ता है— अशुद्ध नयसे आत्मा कर्मका भोक्ता है और शुद्ध नयसे तो स्वगुणकाही भोक्ता है.

७३ मोक्ष है— समस्त शुभाशुभ कर्मका सर्वथा क्षय होनेसे

आत्मा परमात्मा – सिद्धात्मा होकर जो लोकाग्र अजरामर, अचल, निरुपाधिक स्थानको संप्राप्त होता है सो मोक्ष कहा जाता है.

७४ मोक्षका उपायभी है— सम्यक् ज्ञान (तत्वज्ञान), सम्यक् दर्शन (तत्व दर्शन) और सम्यक् चारित्र (तत्व रमण) यह मोक्ष प्राप्तिके अवंध्य—अमोघ उपाय है.

७५ सबके साथ मैत्रीभाव रखना— सर्व जीवों को मित्रही जानना, किसीके साथ शत्रुता धारण करना नहि, सबमें जीवत्व समान है, सर्व जीव जीनेकी इच्छा रखते है, सुख दुःख समय मित्रवत् समभागी होना. द्वेष इर्ष्या या स्वार्थबुद्धिसे किसीका भी कार्य बिगाडना नहि.

७६ पापी, निर्दय, कठोर परिणामवाले प्राणीओंपरभी द्वेष-भाव धरना नहि— तैसे दुर्भव्य वा अभव्य जीवके साथ प्रीति वा द्वेष रखना नहि. मध्यस्थ रहकर चिंतवन करना कि वो विचारे निबिड कर्मके वश होकर तैसा वर्तन करते है.

७७ बुद्धिवंत होकर तत्वका विचार करना—कि मैं ऐसी स्थिति-वंत क्यों हुवा ? मेरेको कैसा सुख अभिष्ठ है ? वो कैसे मिल सके ? मेरेको सुखमें अंतराय कौन करता है ? उन उन अंतरायोंको मैं किस प्रकारसे दूर कर सकुं ? वगैराः वगैराः

७८ मानवदेह प्राप्त करके बन सके वैसे सुव्रत धारण करे—बोध प्राप्त कियेका यही सार है कि असार और अनित्य देहमेंसे सार व्रत धारण कर सत्य और सनातन धर्म साधना.

७९ लक्ष्मी प्राप्त करके सुपात्र दान दे, सदुपयोग करे—लक्ष्मीका चंचल स्वभाव जानकर विवेकसे पात्र—सुपात्र दान देना, सो ऐसा समझकर देना कि ' हाथसे करेंगे सोही साथ आयगा ' ' जैसा देवेंगे तैसाही पावेंगे. '

८० सत्य और प्रिय वचन मुंहकी शोभा है— जिस करके दूसरेका हित हो वैसा मीठा–मधुर भाषण करना. कठोर भाषण कदापि नहि करना सो यह समझकर नहि करना कि–'वचने क दरिद्रता '

८१ जितना बन सके तितना जीवहिंसासे दूर रहेना—दुःख दुर्भाग्य, बीमारी वगैरा प्रकट हिंसाके ही फळ समझ सुज्ञजन प्रमादसे पिराये प्राण अपहरणरुप हिंसासे दूर रहनेके लिये बने वहांतक प्रयत्न करे.

८२ जितना बने तितना असत्यसे दूर रहेना— मूकपन, बोबडापन, मुखपाकादिक रोग वेदना वगैरा प्रकट असत्य भाषणकेही फळ समझकर सुज्ञजन असत्यका त्याग कर देवे.

८३ जितना बन सके तितना अदत्त–चोरीसे दूर रहेना.— ' दगा किसीका सगा नहि ' ऐसा समझकर तथा राजदंड, भय, निर्धनता, कृपणतादिक प्रकट चोरीके फळ जानकर समजदार लोगोंको बने वहांतक अनीतिसे दूर रहेनाही दुरस्त है.

८४ मैथुन क्रीडा— पशुवृत्तिका बने वहातक त्याग कर विरक्त दशा धारण कर लेनी. धातुक्षय, क्षयरोग, चादी वगैरा अनेक दुःखके भोग होनेरुप प्रकट कामक्रीडाके फळ समझकर तथा ज्ञानीके वचन मुजब बहुतसे जीवोंका नाश होनेका कारण जानकर सत्य सुखार्थीजन बन सके तितना मैथुन परित्याग कर संतोष धार लेवे.

८५ जितना बन सके तितना परिग्रहका प्रमाण कम करदेना— मोहममत्वको बढानेहारा धनधान्यादिक नव प्रकारके परिग्रह बनते तक घटा देना. सूभुम, ब्रह्मदत्त प्रमुखकी परिग्रहकी बहोत ममतासे दुर्दशा हुइ बिचारकर श्याने लोग अर्थको अनर्थकारी समझकर घटित संतोष धारणकर लेवे.

८६ निर्ग्रंथ मुनि महाव्रतके अधिकारी है— हिंसा, असत्य, चोरी, मैथुन, परिग्रह, यह पांचोंका सर्वथा मन वचन और कायासे करना कराना और अनुमोदन आदी त्याग करके वो महाव्रतोंको शूर-वीर होकर पालन करनेवाले निर्ग्रंथ अणगारके नामसे पहेचाने जाते है.

८७ अणुव्रत धारक श्रावक कहे जाते हैं— स्थूल हिंसादिकका यथाशक्ति संकल्प पूर्वक त्याग करनेवाला श्रावक कहा जाता हैं.

८८ रात्रिभोजन महान् पापका कारण है— पवित्र जैनदर्श-नमें साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका मात्रको रात्रिभोजन सर्वथा निषेध है. अन्य दर्शनमेंभी रात्रिमें अन्न लेना मास बराबर और पानी पीना रुधिर बराबर कहा है. ऐसा समझकर सुज्ञ मनु-ष्योको रात्रिभोजन छोड देनाही लाजीम है. रात्रिभोजन करने-वालेको साप, घूघू, छपकली प्रमुख नीच अवतार लेने पडते है. और भोजनमें क्वचित् विषजंतु आजानेसे विविध जातिके व्याधि विकार पैदा होते है.कभी मर जावे तो दुर्गतिमें जाना पडता है.

८९ दूसरेभी अभक्षोंका त्याग करना— दो रात्रिके बादका दही, तीन रात्रि व्यतीत हुवे बादकी छांछ, कच्चा गोरस दूध, दहीं, और छांछके साथ मुंग, उडद, अरहर, चणे, इत्यादि द्विदल खाना, कच्चा निमक, तिल, खसखस, तुच्छ फल, अनजाने फल, दिनके उदय सिवा भोजन करना, संध्याकी संधिके वख्त भोजन करना, सल्वे फलका और बिगर धूप बताए हुवे आचार, गत दिनका पकाया हुवा भोजन, विषग्रहण. ओते, बरफ वगैरा जो जो प्रसिद्ध अभक्ष (नहि खाने लायक) है वह वह सर्व पदार्थ सर्वथा त्याग देने चाहिये. बेंगन, पिलु, वडके फल, शहद, मख्खन आदिभी सब अभक्ष समझकर वर्जित करना सो बहोतही फायदेमद है.

९० अनंतकायका भक्षणभी त्याग देना— अद्रक, मूली,

गाजर, पिंड, पिडालु, सूरन, वगैरां जमिकंद, तथा बहोतही कोमल फल वा पत्र पत्ति, थेग. नीमगिलोय, मोथ प्रमुख, किंवा नये उगते हुवे अंकुर कुंपळ वगैरामें अनंत जीवोंकी उत्पत्ति जानकर तिन्होंकी हिंसासे डरकर तिन्होका त्याग करना.

९१ तीन गुणव्रत धारण करना— उपर कहे हुवे अणुव्रतकी पुष्टिके लीये दिग् विरमणव्रत १, भोगोपभोग विरमणव्रत २, अनर्थदंड विरमणव्रत रुप तीन गुणव्रत धारण करना. पहीले गुणव्रतमें मर्यादा की हुइ भूमिके बहार जाना नहि. दूसरेमें महापाप वाले १५ कर्मादानका व्यापार बंध कर देना, तथा चौदह नियम धारण करना. और तीसरेमें दुसरेको पापोपदेश नहि देना. पापकारी उपकरण कोइभी मंगे तो नहि देना. नाटक प्रेक्षणा नही करना.

९२ चार शिक्षाव्रत सेवन करना— सामायिक (संकल्प पूर्वक अमुक वख्त समताभाव सेवन करणरुप) १, देशावगासीक (दीग्विरमण व्रतका संक्षेप करण रुप) २, पौषध (आहार, शरीरसत्कार मैथुनक्रीडा तथा अन्य पाप व्यापारका सर्वथा वा अंशसे त्यागरुप) ३, अतिथि संविभाग (साधु, साध्वीको दान देकर भोजन करणरुप) ४, यह चारों शिक्षाव्रत सुश्रावक श्राविकाओंने मूळ गुणोंकी पुष्टि खातर अभ्यासरुपसे अवश्य सेवन करने लायक है.

९३ ग्रहण कियेहुवे व्रतोंको यथार्थ पालन करे— लक्ष्मी, यौवन और जीवितको अस्थिर जानकर तिन्होंको उत्तम व्रतसे सफल करनेके लिये सज्जन जन दृढ निश्चय करे, और प्राणात समयभी ग्रहण करे हुवे व्रत खंडित न करे.

९४ पहिले व्रतका स्वरूप जानकर अंगिकार करे— व्रतका स्वरुप समझकर तिस्से यथाविधि पालन करनेसे यथार्थ फल प्राप्त कर सके.

९५ व्रतकी तुलना कर लेनी— अंगीकार करने योग्य व्रतका

प्रथम अच्छी तरांहसे अभ्यास कर पिछे तिसका पच्चख्खाण करना.

९६ अभ्यासको कुच्छ असाध्य नहि है— अभ्यासके बलसे प्राणी पूर्णताको प्राप्त कर सकता है, इस लिये अभ्यास कियेही करना.

९७ सावधानीसे मोक्ष क्रिया साधनी— शास्त्र कथन मुजब मोक्षगमन योग्य सत्क्रिया साधते हुवे 'तेल पात्रधर' (संपूर्ण तैलका प्रात्र लेकर चलनेवाले) तथा 'राधावेध साधनेवाले' की तराह सावध रहेना किंचित्भी गफलत करनी नहि. विद्या मंत्र-साधककी तराह अप्रमत्त होकर रहेना.

९८ सुख दुःखमे सिंह वृत्ति भजनी— धारन करनी—सुख दु:खके वख्तमें हर्ष शोककी बेदरकारी रखकर कैसे कारणोसे वह सुख दु.ख पैदा हुवे है, सो तपास कर अशुभ कर्मसे डरकर चलना और बने वहातक शुभ कर्म—सुकृत समाचरना.

९९ श्वानवृत्ति सेवन करनी नहि— जैसे कूतरा पथ्थर मारने वालेको काटना छोडकर पथ्थरको काटने दोडता है, तैसे अज्ञानी अविवेकी जनभी सुख दुःख समयमें सीधा विचार करना छोडकर उलटा विचार कर हर्ष खेद धारणकर कुत्तेकी तराह दुःखपात्र होता है. मगर जो समजदार है वो तो उभय समयमेंभी समानभाव धारण करते है.

सार बोल—संग्रह.

१ लोभी मनुष्य फक्त लक्ष्मी इकठ्ठी करनेमें ही तत्पर—हुंसियार रहते हैं, मूढ—कामी मनुष्य काम भोग सेवनमें ही तत्पर रहते हैं, तत्वज्ञानीजन काम क्रोधादि दोषका पराजय करके क्षमादि गुण धारण करनेमेंही तत्पर रहते हैं, और सामान्य मनुष्य तो धर्म, अर्थ, और काम यह तीनोका सेवन करनेमेंही तत्पर रहते है.

२ पंडित उन्हीकोही समझो कि, जो विरोधसे विरामकर शांत, समभाववंत हुवे होवै; साधु उन्हीकोही जानो कि, जो समय और शास्त्रानुसार चले; शक्तिवंत उन्हीकोही समझो कि, जो प्राणात तक भी धर्मका त्याग न करे; और मित्र उन्हीकोही जानो कि, जो विपत्तिमें भागीदार होवैं.

३ क्रोधी मनुष्य कभी सुख नहीं पाते है, अभिमानी शोकाधीन होनेसे कभी जय नहीं पाते है, कपटी सदा औरका दासपणाही पाते है, और महान् लोभी और मम्मण जैसे मनहूस मख्खीचूस नरकगति ही पाते है.

४ क्रोधके जैसा दूसरा कोई भवोभव नाश करनेहारा विष नहीं है; अहिंसा–जीवदयाके जैसा दूसरा जन्मजन्ममें सुख देने-वाला कोई अमृत नहीं है; अभिमानके जैसा कोई दूसरा दुष्ट शत्रु नहीं है; उद्यमके जैसा कोई दूसरा हितकारी बंधु नहीं है; माया–कपट के समान दूसरा कोई प्राणघातक भय नहीं है; सत्यके जैसा कोई दूसरा सत्य शरण नहीं है; लोभके जैसा कोई दूसरा भारी दुःख नहीं है और संतोषके जैसा कोइ दूसरा सर्वोत्तम सुख नहीं है.

५ सुविनीतको बुद्धि बहुत भजती है, क्रोधी कुशीलको अपयश बहुत भजता है, भग्न चित्तवालेको निर्धनता बहुत भजती है, और सदाचारवंत–सुशीलको लक्ष्मी सदा भजती है.

६ कृतघ्न मनुष्यको मित्र तजते हैं, जितेंद्रिय मुनिको पाप तजते है, शुष्क सरोवरको हंस तजते है, और घुस्सेवाज–कषायवंत मनुष्यको बुद्धि तज देती है.

७ शून्य हृदयवालेको बात कहनी सो विलाप समान है, गइ गुजरीको पुनः पुनः कथन करनी सो विलाप समान है, विक्षेप चित्तवालेको कुछभी कहना सो विलाप समान है, और कुशिष्य

शिरोमणीको हितशिक्षा देनी सो भी विलाप समान है.

८ दुष्ट अकसर लोगोंको दंड देनेके वास्ते तत्पर रहते हैं, मूर्खलोग कोप करनेमें, विद्याधर मंत्र साधनेमें, और संत साधुजन तत्वग्रहण करनेमें तत्पर रहते है.

९ क्षमा उग्रतपका, स्थिर समाधीयोग उपशमका, ज्ञान तथा शुभ ध्यान चारित्रका, और अति नम्रतापूर्ण गुरु तर्फ वर्तन शिष्यका भूषण है.

१० ब्रह्मचारी भूषण रहित, दीक्षावंत द्रव्य रहित, राज्यमंत्री बुद्धि सहित और स्त्री लज्जा सहित शोभायमान् मालूम होते हैं.

११ अनवस्थित–अनियमित–अस्थिर प्राणीका आत्माही अपने आपका वैरी जैसा और जितेंद्रियका आत्माही आत्माको शरण करने योग्य समझना.

१२ धर्मकार्यके समान कोई श्रेष्ठ कार्य, जीवहिंसाके समान भारी अकार्य, प्रेम–रागके समान कोई उत्कृष्ट बंधन, और बोधी लाभ–समकित प्राप्तिके समान कोइ उत्कृष्ट लाभ नहीं हैं.

१३ परस्त्रीके साथ, गमारके साथ, अभिमानीके साथ और चुगलखोरके साथ कभी भी सोवत न करनी चाहिए, क्यौं कि ए हरएक महान् आपत्तिके ही कारण है.

१४ धर्मचुस्त मनुष्योंकी जरूर सोबत करनी चाहिए, तत्वके ज्ञाता पंडितजनको जरुर दिलका संशय पूंछना चाहिए, संत–सु साधुजनोंका जरुर सत्कार करना चाहिए और ममता–लोभ–दर–कार रहित साधुओंको जरुर दान देना चाहिए; क्यौं कि ये हरएक लाभकारी है.

१५ विनय विचारसे पुत्र और शिष्यको समान गिनने चाहिए, गुरुको और देवको समान गिनने चाहिए, मूर्ख और तिर्यंचको समान

गिनने चाहिए, और निर्धन तथा मृतकको समान गिनने चाहिये.

१६ तमाम हुन्नरोंसे धर्माराधनका हुन्नर, समस्त कथाओंसे मूल्यमें धर्म कथा, सब पराक्रमसे धर्म पराक्रम, और तमाम सासारिक सुखोंसे धर्म संबंधी सुख विशेष शोभा पात्र है.

१७ जुगार खेलनेवाले जुगारीके धनका, मास खानेकी आदत वालेकी दयाबुद्धिका, मदिरा पीनेवालेके यशका और वेश्यासंगीके कुलका नाश होता है.

१८ जीवहिंसा–शीकार करनेवालेके उत्तम दयाधर्मका, चोरीकी आदतवालेके शरीरका, और परस्त्रीगमन करनेवालेके दयाधर्म और शरीरका नाश होता है उनकी अधममें अधमगति होती है. वास्ते ए तीनो दुर्व्यसन यह लोक और परलोक इन दोनोंसे विरुद्ध होनेके लिये अवश्य छोड देनेके योग्य ही हैं.

१९ निर्धन अवस्थामें दान देना, अच्छे होद्देदार अफसरको क्षमा रखनी, सुखी अवस्थामें इच्छाका रोध करना, और तरुण अवस्थामें इंद्रियोंको कब्जेमें रखनी–ये चारों बातें बहुत ही कठीन है; तथापि वो अवश्य करने योग्य होनेसे जब वैसा मोका हाथ लगे तब जरुर लक्ष देकर करनी ही चाहिए.

धर्म कल्पवृक्ष (याने) दानके चार प्रकार.

दानः–धर्म साक्षात् कल्पवृक्ष जैसा है, दान, शील, तप और भावना यह चार उनके प्रकार हैं. अभय–सुपात्र–ज्ञान दान वगेरः दानके भेद है. दानसे सौभाग्य, आरोग्य, भोग, संपत्ति तथा यश प्रतिष्ठा प्राप्त होते है. दानगुणसे दुश्मन भी तावेदार हो पाणी भरता है. यावत् दानसे शालीभद्रकी तरह उत्तम प्रकारके देवीभोग प्राप्त करके अंतमें मोक्ष सुख प्राप्त होता है.

शीलः— पशुवृत्ति छोडकर शील–सदाचारका विवेक पूर्वक

सेवन करना उनके समान एक भी उत्तम धन नहीं है. शील परम मंगलरूपी होनेसे दुर्भाग्यको दलन करनेवाला और उत्तम सुख देनेवाला है. शील तमाम पापका खंडन करनेवाला और पुण्य संचय करनेका उत्कृष्ट साधन है, शील ये नकली नहीं मगर असली आभरण है, और स्वर्ग तथा मोक्ष महेलपर चढनेकी श्रेष्ठ सीढी है. इस लिये हरएक मनुष्यको सुखके वास्ते शील अवश्य सेवन करने लायक है. शीलव्रतको पूर्ण प्रकारसे सेवन करनेसे अनेक सत्वोंका कल्याण हुवा है, होता है, और भविष्यमें होयगा.

तपः—कर्मको तपावे सोही तप. सर्वज्ञने उनके बारह भेद कहे है यानि छः बाह्य और छः अभ्यंतर ऐसे दो भेद सामिल होकर बारह होते हैं. उसकी नाम सख्या भेद नीचे मुजब है.

अनशन—उपवास करना सो (१), उनोदरी—दो चार कवल कम खाना सो (२), वृत्तिसंक्षेप—विवेक—नियम मुजब मित अन्नजल आदि लेना सो (३), रसत्याग—मद्य, मास, शहद, मख्खन, ये चार अभक्ष्य पदार्थोंका बिलकुल त्याग के साथ दुध, दहीं, घी, तेल, गुड और पक्वान्न वगैर.का विवेकसे बन सके उतना त्याग करना सो (४), कायाक्लेश—आतापना लेनी, शीत सहन करनी सो (५), और संलीनता अंगोपांग संकुचित कर—एकत्रकर स्थिर आसनसे बैठना सो (६) ये छः बाह्य तप कहे जाते है. अब छ. अभ्यतर तप बतलाते हैं.

प्रायश्चित:—कोइ भी जातका पाप सेवन किये बाद पश्चात्ताप पूर्वक गुरु समक्ष उनकी शुद्धि करनेके वास्ते योग्य दंड लेना सो (१) विनय—चाहे वो सद्गुणीकी साथ नम्रता सह वर्त्तन, सद्गुण समझकर उनका योग्य सत्कार करना सो (२), वैयावच्च—अरिहत, सिद्ध, आचार्य वगैरः पूज्य वर्गकी बहुतमान पुरःसर भक्ति करनी सो (३), स्वाध्याय—वाचना, पृच्छना, परिवर्त्तना, अनुप्रेक्षा और

धर्मकथा रुप ए पांच प्रकारका है उनका उपयोग करना सो (४), ध्यान--शुभ ध्यानको चिंतन और अशुभ ध्यानका विस्मरण करना यानि मलीन विचारोंको दूरकर शुभ या शुद्ध--निर्दोष विचारोंको धारण करना आत्म-परमात्मका एकाग्रतासे चिंतन करना, और बहिर्वृत्ति छोड अंतरवृत्ति भजनी सो (५). काउस्सग्ग-देहकी तथा उनकी साथ लगे हुवे मन और वचनकी चपलता दूर कर आत्म--परमात्म ध्यानमें ही तत्पर--लीन होना सो (६), यह छ अभ्यतर तप है.

अंतर शुद्धि करनेके वास्ते अवंध्य कारणभूत होनेसे वो अभ्यंतर तप कहा जाता है. अभ्यंतर तपकी पुष्टि होवै वैसा बाह्य तप करना ऐसा सर्वज्ञ भगवानने भव्य जीवोंके लिये कथन किया है; वास्ते वो अवश्य तप आदरने योग्य है. तपके प्रभावसे अचिंत्य शक्तियें प्रकटती है, देव भी दास होते है, असाध्य भी साध्य होता है, सभी उपद्रव शात होते है, और सब कर्ममल दहन हो शुद्ध सुवर्णकी तरह अपना आत्मा निर्मल किया जाता है; वास्ते आत्मार्थी--मुमुक्षु वर्गको उनका सदा विवेक पूर्वक सेवन करना योग्य है. तप सच्चा वही है कि जो कर्ममलको अच्छी तरह तपाके साफ कर देवै.

भावना:— धर्म कार्य करनेके भीतर अनुकूल चित्त व्यापार रूप है. वैसी अनुकूल चित्तवृत्ति रूपकी प्राप्तिके सिवाय धर्मकरणी चाहिए वैसा फल नहीं दे सक्ती है. यावत् चित्तकी प्रसन्नताके बिगर की गइ या करानेमें आती हुइ करणी राजवेठ समान होती है. वास्ते सब जगह भाव प्राधान्य रूप है. भाव बिगरका धर्मकार्यभी अलूने धान्य--भोजन जैसा फीका लगता है, और वो भाव सहित होवै तो सुंदर लगता है. इस लिये हरएक प्रसंगमें शुद्ध भाव अवश्य आदरने योग्य है. सर्वकथित भावना ए भव संसारका नाश करती हैं. मैत्री, प्रमोद, करुणा और मध्यस्थता रुप चार भावनायें भवभय

हरने वाली हैं. जगत्के जीव मात्रको मित्र गिननेरुप मैत्री भाव है. चद्रको देख जैसे चकोर प्रमुदित होता है वैसे सद्गुणीको देखकर भव्य चकोर चित्तमें प्रसन्न होवै वो प्रमुदित या मुदिता भाव कहा जाता है. दुःखी जीवको देखकर आपका हृदय पिघल जाय और यथाशक्ति उसका दु.ख दूर करनेके लिये प्रयत्न हो सकै सो करैं उसको करुणा भाव कहा जाता है. और महापापरत प्राणीपर भी क्रोध–द्वेष न लाते मनमें कोमलता रख उदासीनता धरनेमें आवे उसको मध्यस्थ भाव कहा जाता है. ऐसी उत्तम भावना भावित अंतःकरणवाले प्राणी पवित्र धर्मके पूर्ण अधिकारी गिने जाते है. उनके दर्शनसे भी पाप नष्ट हो जाता है. वैसे शुद्ध भाव पूर्वक शुद्ध क्रिया करनेवाले महात्माओंके प्रभावसे पापी प्राणी भी अपना जाती वैर छोडकर–अपना क्रूर स्वभाव दूर कर शात स्वभाव धारन करते है ऐसे अपूर्व योग–प्रभाव पूर्वोक्त सद्भावनाके जोरसे प्रकटते है; वास्ते मोक्षार्थिजनोंको उपर कही गइ भावनाये धारनेके लिये अवश्य प्रयत्न करना योग्य है. सर्वज्ञ कथित तत्व रसिकको ए शुभ भावनाए सहजही प्रकट होती है.

सामान्य हितशिक्षा.

(१) जयणा–यतना, उस उस धर्म संबंधी या व्यवहार संबंधी, परलोक वास्ते या इस लोक वास्ते, परमार्थसे या स्वार्थसे जो जो व्यापार करनेमें आवें उनमें बरावर उपयोग रखना वो उसका सामान्य अर्थ है. विशेपार्थ विचारनेसे तो, आत्माका शुद्ध निर्दंभ मोक्षार्थ शातिपूर्वक करनेमें आये हुवे मन–वचन–तन–द्वारा व्यापार विशेप मालुम होता है, इसी लिये ही ज्ञानीशेखर पुरुषोंने जय-णाको धर्मकी माता कह बतलाइ है–यानि आत्मधर्म–गुणोंको उत्पन्न

करनेहारी–पालन करनेवाली–वृद्धि करनेवाली–यावत् एकांत सुखकारी जयणा ही है. जयणा रहित चलनेवाले, खडे रहनेवाले, वेठनेवाले, सोनेवाले, भोजन करनेवाले या भाषण करने–बोलने-वाले उन उन चलनादिक क्रिया करनेमें त्रस या स्थावर जीवोंकी हिंसा करते हे जिस्से पापकर्म बांधते है. उनका विपाक कटु होता है. वास्ते सुज्ञ विवेकी सज्जनोंको वो वो चलनादिक क्रिया करनेके वख्त ज्यौं ज्यौ विशेष जयणा समाली जाय त्यौं वर्त्तन रखना वही हितकारक है; क्यौं कि सभी जीवोंको अपने जीव समान गिनता हुवा जो किसी भी जीवको दुःख न देनेकी बुद्धिसे समस्त पापस्थान त्याग कर आत्मनिग्रह करता है वही महात्मा कर्म नहीं बांधता है. अन्यथा अपने कल्पित क्षणिक सुखकी खातिर नाहक अनेक निरप-राधि जीवोंके प्राणोंको हरण करता हुवा, अजयणासे वर्त्तन चलाता हुवा वो जीव भारीकर्मा होता है यानि बडे भारी कर्म बांधता है, कि जो कर्म उदय आनेसे बहुतही कटुरस देता है.' दृष्टांतरुप कि परजीवोंके संरक्षणके वास्ते मुनिमहाराज रजोहरण ओघा, तथा सामायिक पोषधादिक व्रतोंमे श्रावक चरवला, और इन सिवायके गृहस्थ लोक कचरा कस्तर दूर करनेके वास्ते बुहारी रखते हैं; मगर वे सुकोमल होवे तब और हलके हाथोंसे उन्होंका उपयोग करनेमें आवै तब तो जीवरक्षारुप प्रमार्जना सार्थक हो जयणा पालन करनेमें मददगार होती है; लेकिन उस बिगर नही होती. आजकल अज्ञान दशासे मुग्ध जीव जमीन साफ करनेके वास्ते अच्छे सुकोमल नरमासवाले उपकरण न रखते बहुत करके खजुरी वगैरः की तीक्ष्ण बुहारीयोंका उपयोग करते हुवे मालुम होते हैं कि जो बिचारे एकेंद्रियसे लगाकर त्रस जीवो तकके संहार होनेके लिये भारी शस्त्र हो पडता है. अपनको एक कांटा लगनेसे दुःख होता है, तो

विचारे वे क्षुद्रजीवोंकी जान निकल जाय वैसे शस्त्र समान घातक पदार्थ वपरासमें लेनेके वास्ते हिंदु–आर्य मात्रको और विशेष करके कुल जैनोंको तो साफ मना ही है जिस्से दुरस्त ही नही है. अल्प खर्च और अल्प महेनतसे सेवन करनेमें आता हुवा भारी दोष दूर हो सके वैसा है; तथापि वे दरकारीसे उनकी उपेक्षा किये करें, वे दयालु जीवोंको क्या लाजिम है? बिलकुल नहीं! वास्ते उमेद है कि उस संबंधमें धर्मकी कुछ भी फिक्र रखनेवाले या तरक्की करनेवाले उनका तुरत विचार करके अमल करेंगे.

दुसरी भी उपर बताइ गइ चलनादिक क्रिया करनेकी जरुरत पडती है, उनमें बहुत ही उपयोग रखकर जीवोंकी विराधना न करते जयणा पालन करनी चाहिये. चलने के वख्त पूर्णपणेसे जमीनपर समतोल नजर रखकर एकाग्र चित्तसे वर्त्तन रखनेमें, और बैठने, ऊठनेमें, खडे रहने–सोनेमें, भी उसी तरह किसी जीवको तकलीफ न होने पावे वैसी सावचेती रखकर रहना चाहिए. भोजन संबधमें तो जैनशास्त्र प्रसिद्ध बाइस अभक्ष्य और बत्तीस अनंतकाय छोड कर, और दुसरे भोज्यपदार्थभी जीवाकुल नही हैं ऐसा मालुम हुवे बाद, तथा जानकरके या अनजानते जवोंका सहार करके बनाया गया न होय वैसेही उपयोगमें लेने चाहिए. वो भी दिनमें प्रकाशवाली जगहमें पुल्ते बरतनमें रखकर उपयोगमें लेने चाहिए कि जिस्से स्वपरकी बाधा–हरकत के विरहसे जयणा माताकी उपासना की कही जावे.

भाषण भी हितकारी और कार्य जितना–(Short and Sweet) तथा धर्मको दखल न पहुंचने पावे वैसा और जैसा जहा समय उपस्थित हो वहा वैसाही (समयोचित) बोलना. और बोलने के वख्त विरतिवंतको मुहपत्ति और गृहस्थको भी इंद्र महाराजकी

तरह धर्मकथा प्रसंग समय जरुर उत्तरासंग—वस्त्रको मुंह आगे रख-कर बोलना कि जिस्से जयणा सेवनकी मालुम होवै.

इस तरह उपर कही गइ करणियें करने के वख्त ज्यौं ज्यौं अप्रमत्ततासे वर्त्तन रख्खा जाय त्यौं त्यौं विशेषतासे आराधकपणा समझना. और उस्सें विरुद्ध वर्त्तन रख्खै तो विराधकपणा समझ लेना. पूज्य मातुश्रीकी तरह मानने लायक श्री पूज्य तीर्थंकर गणधर प्रणीत पवित्र अंगवाली जयणामाताका अनादर करके वर्त्तन च-लानेवाले कुपुत्रोंकी तरह इन लोकमें और परलोकमें हांसी तथा दुःख के पात्र होते हैं. वास्ते सपूतकी तरह जयणामाताका आराधन करनेमें नही चूकना—यही तात्पर्य है.

(२) झूंठवाडा—झूठा अन्न या पानी खाने पीने या छांटनेसे अपने मुग्ध भाइ और भागिनीयें कितना बहुत अनर्थ सेवन करते है सो ध्यानमें रख्खो ! पूर्व तथा उत्तरके देशोंको छोडकर आजकाल यहां के अज्ञ जीव इन झूंठकी बाबतमें बहुत अधर्म सेवन करते है उनका नमूना देखो ? सभी कोइ कुटुंबी या ज्ञाति भाइयोंके वास्ते पानी पीने के लिये रख्खे हुवे बरतनोंमेंसे पानी निकालने भरनेके लिये एक इलायदा बरतन—लोटा अगर प्याला नहीं रखतें हैं; मगर जिसी बरतनसे आप मुंहको लगाकर पानी पीते है, बस वही झूंठे जलयुक्त बरतनसे पुन. उसी जल भरित बरतनकी अंदरसे पानी निकाल कर आप पीते है या दूसरोंको पिलाते हैं जिस्से शास्त्र मर्यादा मुजब उन जल भाजनमें असंख्यात लालिये समूर्छिम जीव पैदा होते है यानि वो जलभाजन (पानीका बरतन) क्षुद्र अति सुक्ष्म जीवमय हो जाता है, उन्हीको, मुंह लगाकर झुंठा बरतन पानी भरे हुवे बरतनमें डालने वाले अज्ञ पशु जैसे निर्विवेकी जीव पीते है ऐसा कहना अयोग्य नहीं होगा. झूंठा अन्न या

यानी अंतर्मुहुर्त्त उपरात अविवेक या प्रामादसे रख छोडने वाला इस तरह असख्य जीवोंकी विराधना करने वाला होता है. ऐसा समझकर—हृदयमें ज्ञान और मगजमें भान लाकर परभवसे डरकर जिस प्रकार वै असंख्य जीवोका नाहक—मुफत संहार न होवे उस प्रकार चेतने रहना योग्य है यानि खाने पीनेकी वस्तुमें झूठा पात्र हाथ न डालना और न झूंठा बनाकर दुसरेको देना.

- उसी तरह गत दिनका ठंडा भोजन पदार्थ, धूप दिखाये विगर बनाया गया आम आदिका आचार, दो हिस्से होने वाले विदल मूंग, उडद, चणे, अरहर, मटर वगैरः के साथ कच्चा दहीं खाना अभक्ष्य भक्षणरुप होनेसे उन्होंका तद्दन त्याग करना. (वैद्यकीय नियमसेभी ए चीजे तन्दुरस्ती बिगाडने वाली ही है वास्ते छोडनेसे जरुर फायदाही होता है.) छोटे वडे जीमन—ज्ञाति, कुटुंब भोजनके वास्ते वनाइ गइ रसोइ कि जिसके वनानेके वख्त जयणा न रखनेसे वहूतसे जीवोंका सत्यानाश निकल जाता है. और झूंठा अन्न जल ढोलनेसेभी वहूतही नुकसान होता है यदि सब जगह जयणा पूर्वक वर्त्तनमें आवे तो किसीकोभी हरकत न पहूंचने पावे, और धर्माराधनका वडा लाभ भी सहजहीमें हांसिल कर सकै वास्ते हे सुज्ञ जन वृंद ! लज्जा और दयावत हो एक पलभरभी जयाणाको भूल नहीं जाना.

(३) उडाउ खर्च—मा वापके मरे वाद अगर लडका लडकीकी शादी के वख्त वहुत जगह फजुल खर्च करनेमें आता है, और उन वख्तोंमें करने लायक खर्च तर्फ बेदरकारी रखनेमें आती है. दृष्टातरुप यह कि माता पिताने अंत कालमें वैराग्य द्वारा मोह उतारकर तन मन धनसे जिस प्रकार उन्होंको धर्म समाधि होवै—यावत् उन्होंकी या आपकी सद्गति जिस सुकृत करनेसे हो सकै उसी प्रकार वर्त्तना.

लाजिम है. अवश्य करने लायक वो बाबतका भान भूलकर पीछे फक्त लोकलाजसे नाहक भारी खर्चमें उतरना उन करसे तो उतनाही धन परमार्थ मार्गमें व्यय करना सो विशेष श्रेष्ठ है. पुत्रादिकके जन्म या लग्नादि प्रसगपर परम मागलिक श्री देवगुरुकी पूजा भक्ति भूलकर झूंठी धूमधाम रचनेमें लख्खों नही बलके करोडों जीवोंका विनाश होवै वैसी आतशबाजी छोडने वगैरेमें अपार धनका गैर उपयोग करनेमें आता है, वैसा भवभीरु सज्जनोंको करना नादुरुस्त है.

(४) मावापोंका उलटा शिक्षण और उलटा वर्त्तनः—मावाप, उनके मावापोंकी तर्फसे अच्छा धार्मिक व्यवहारिक वारसा मिलानेमें कमनशीब रहनेसे, किंवा भाग्य योगसे मिले हुवे परभी उनको कुसंग द्वारा विनाश करनेसे अपने बालकोंको वैसा उमदा वारसा देनेमें भाग्यशाली किस तरह बन सकै ? अगर कभी सत्संगति मिलगइ होवें तो वैसे मावाप भी अपने बाल बच्चोंको वैसा प्रशंसनीय वारिसनामा करदेनेमें शायद भाग्यशाली बन भी शकै ! क्यौं कि—'सत्संगतिः कथय किं न करोति पुंसाम् ? यानि कहो भाइ ! उत्तम संगति पुरुषोंको क्या क्या सत्फल न दे सकती है ? सभी सत्फल दे सकती है ! ' उत्तम संगति के योगसे प्राणी उत्तमताको प्राप्त करता है, उत्तम बनता है, तो फिर बैसी अमूल्य सत्संगति करनेमें और करके कौनसा कमबख्त उत्तम फल पाणेमें बेनशीब रहेगा ? शास्त्र के जाननेवाले पंडित लोग कहते है कि—' बुरेमें बुरी और बुरेमें बुरे फलकी देनेहारी कुसंगतिही है.' तो बुरे फलको चखनेकी चाहनावाला कौन मंदमति ऐसी कुसंगतिको कबूल करेगा ? बस प्रशंगवशात् इतनाही कहकर अब विचार करें कि—अपने बालबच्चोंको सुखी करनेकी चाहतवाले मावाप वैसी कुसंगतिके—लडके लडकीको बचा रख्खें और सत्संगतिमें लगा देनेकी बडी खंत

रखकर उसको अमलमें लेवै, यदि ऐसा न करेंगे. तो वैसै मा बापोकों बाल बच्चों के हित करनेवाले नही मगर बेधडकसे अहित-बुरा समझनेवाले ही कहेंगे. वै मावित्र नही किंतु कट्टे दुशमन ही समझो; क्यौ कि उन्हौने अपनें बाल बच्चोको जान बुझकर या बेदरकारीसे सद्गतिका मार्ग बंधकर दुर्गतिका मार्ग खुल्ला कर दिया है, उलटे रस्ते पर चडा दिये है; वास्ते बालकका जन्म हुवेके पेस्तर भी गर्भमें उसको हरकत न होवे उस तरह विषय सेवन संबधमें संतोषयुक्त माबापोंको रहना चाहिये. जन्म हुवे बाद कुछ बोलना शिख लेवे तव तक, या बाल्यावस्था तक में वो बच्चा अपशब्द न सुने या बोले नहीं. तथा सूक्ष्म जतुको भी मारनेका न सीखे और न मारे ऐसा उपयोग देनेंमें मावित्रोंकों बडी खबरदारी रखनी चाहियें और उसको किसी वदचाल चलन-बद खिसलत वाले लोगोंकी सोबत न होने पावे उनकी बडी फिकर और तजवीज रखना चाहिये. जब समझके घरमें आया के तुरत उसको अच्छे विद्यागुरु या धर्मगुरुके वहा सोंप देना चाहिये. कि जो विद्या-धर्मगुरु उनको विनय वगैरः सद्गुणोंका अच्छे प्रकार सह पूर्ण शिक्षण देवे. जिस्से प्राप्त हुइ विद्याकी सफलतारुप वो विवेक-रत्न प्राप्त कर सकै. अन्यथा कुसंग कुच्छदके योगसे विनय विद्या-हीन रहनेंसे विवेक रहित पशु जैसी आचरणा करता हुवा जगलके रोझकी तरह भवाटवीमें भटकता फिरता है.

वाललग्न कुजोड-ये सब विद्या विनयादिक पानेंमें बडे हरकत रुप होते है, जिसके परिणामसे वे इस लोकके स्वार्थसे भ्रष्ट होकर परभवका भी साधन प्रायः नही कर सकते है; इतनाही नहीं लेकिन अनेक प्रकारके दुर्गुण शीखकर बडे कष्टोके भुक्तनेवाले हो जाते हैं; वास्ते बाल बच्चोका सुधारा करनेकी जोखमदारी माबा-

पोंके शिरपरसे कमी नहीं होती है, वो उन्होंको खूब शोचनेकी जरुरत है. मावापोंकी कसूरसे लडके मूर्ख प्रायः रहनेसे उन्हींको ही एक शल्यरुप होते है. और उन्हीकी पवित्र खंतसे वालक व्यवहार और धर्म कर्ममें निपूण होनेके सववसे उभय लोकमें सुखी होनेसे उन्होंको भवोभवमें शुभाशिर्वाद देते है. परंपरासे अनेक जीवोंके हितकर्त्ता होते हैं. और वे श्रेष्ठ मावापोंके दर्जेकी खुदकी फर्ज अपने वालवच्चे या संवधीयोंकी तर्फ अदा करनेमें नहीं चूकते हैं. हमेशां सज्जन वर्गमें अपने सद्विचार फैलानेके वास्ते यत्न करते है, और पारमार्थिक कार्योंमें अवल दर्जेका काम उठाकर दूसरे योग्य जीवोंको भी अपने अपने योग्य करनेकी प्रेरणा करते है. ये सव फायदे मावापोंके उत्तम शिक्षण और उत्तम चाल चलनपर आधार रखनेवाले होनेसे अपन इच्छेंगे कि भविष्यमें होनेवाली अपनी आल औलादका भला चाहनेवाले मावाप आप खुद उत्तम शिक्षण प्राप्त कर, उत्तम चालचलन रखकर अपने वाल वच्चांओंके अंतः- करणका शुभ धन्यवाद मिलानेको भाग्यशाली होवेंगे. (अस्तु !)

बोधकारक दृष्टांतोका संग्रह

न्यायमें अन्याय करने पर शेठकी पुत्रीका दृष्टांत

एक धनवान शेठ था. वह शेठाईकी वढाई एवं आदर वहुमा- नका विशेष अर्थी होनेसे सवकी पंचायतमें आगेवानके तौरपर हिस्सा लेता था. उसकी पुत्री वडी चतुरा थी. वह वारंवार पिताको सम- झाती कि पिताजी अव आप वृद्ध हुए, वहुत यश कमाया अव तो यह सर्व प्रपंच छोडो. शेठ कहता है कि, नही. मै किसीका

पक्षपात या दाक्षिण्यता नही करता कि जिससे यह प्रपंच कहा जाय, मै तो सत्य न्याय जैसा होना चाहिये वैसा ही करता हू. लडकी बोली पिताजी, ऐसा हो नही सकता. जिसे लाभ हो उसे तो अवश्य सुख होगा परंतु जिसके अलाभमें न्याय हो उसे तो कदापि दुःख हुये बिना नही रहता. कैसे समझा जाय कि वह सत्य न्याय हुवा है. ऐसी युक्तियोंसे बहुत कुछ समझाया परतु शेठके दिमागमे एक न उतरी. एक समय वह अपने पिताको शिक्षा देनेके लिए घरमें असत्य झगडा करके बैठी और बोली कि पिताजी ! आपके पास मैंने हजार सुवर्ण मोहरें घरोहर रखी हुई है, सो मुझे वापिस दे दो. शेठ आश्चर्याचकित होकर बोला कि बेटी, आज तु यह क्या बकती है ? कैसी मोहरें, क्या बात ? विचक्षणा बोली—नही नही जबतक मेरी घरोहर वापिस न दोगे तबतक मै भोजन भी न करूंगी और दूसरेको भी न खाने दूंगी. ऐसा कहकर दरवाजेके बीचमें बैठकर जिससे हजारो मनुष्य इकठे हो जाय उस प्रकार चिल्लाने लगी और साफ साफ कहने लगी कि इतना वृद्ध हुवा तथापि लज्जा शर्म है ? जो बालविधवाके द्रव्य पर बुरी दानत कर बैठा है. देखो तो सही यह मा भी कुछ नही बोलती और भाईने तो बिलकुलही मौन धारा है ! ये सब दूसरेके द्रव्यके लालचू बन बैठे है. मुझें क्या खबर थी कि ये इतने लालचू और दूसरेका धन दबाने वाले होंगे ? नहीं नहीं ऐसा कदापि न हो सकेगा. क्या बालविधवाका द्रव्य खाते हुए लज्जा नही आती ! मेरा रुपया अवश्य ही वापिस देना पडेगा. किस लिए इतने मनुष्योंमें हास्य पात्र बनते हो ? विचक्षणाके वचन सुनकर विचारा शेठ तो आश्चर्यचकित हो शरमिंदा बन गया, और सब लोग उसे फटकार देने लग गये. इस बनावसे शेठके होस हवास उड गये. लोगोंकी फटकार स्त्रियोंके रोने कूटनेका करुण ध्वनि और लडकीका विलाप

इत्यादिसे खिन्न हो शेठने विचार करके चार बडे आदमियोंको बुला-
कर पंचायत कराई. पंचायती लोगोंने विचक्षणाको बुलाकर पूछा
कि तेरी हजार सुवर्ण मुद्रायें जो शेठके पास धरोहर है उसका
कोइ साक्षी या गवाहभी है? वह बोली--साक्षी या गवाहकी क्या
बात? इस घरके सभी साक्षी है. मा जानती है, बहनें जानती है,
भाई भी जानता है, परंतु हडप करनेकी आशासे सब एक तरफ
बैठे है, इसका क्या उपाय? यों तो सबही मनमें समझते है परंतु
पिताके सामने कौन बोले? सबको मालूम होने पर भी इस समय
मेरा कोइ साक्षी या गवाह बने ऐसी आशा नहीं है. यदि तुम्हें दया
आती हो तो मेरा धन वापिस दिलाओ नहीं तो मेरा परमेश्वर
वाली है. इसमें जो बनना होगा सो बनेगा. आप पंच लोग तो
मेरे मांबापके समान है. जब उसकी दानतही बिगड गई तब क्या
किया जाय? एक तो क्या परंतु चाहे इक्कीस लंघन-करने पडें
तथापि मेरा द्रव्य मिले विना मै न तो खाऊंगी और न खाने दूंगी.
देखती हूं अब क्या होता है. यों कहकर पंचोंके सिर भार डालकर
विचक्षणा रोती हुई एक तरफ चली गयी.'

अब सब पंचोंने मिलकर यह विचार किया कि सचमुचही इस
बेचारीका द्रव्य शेठने दबा लिया है अन्यथा इस विचारीका इस
प्रकारके कलहट पूर्ण वचन निकलही नहीं सकते. एक पंच बोला
अरे शेठ इतना धीठ है कि इस बेचारी अबलाके द्रव्य पर भी दृष्टि डाली.
अंतमे शेठको बुलाकर कहा कि इस लडकी का तुम्हारे पास जो द्रव्य
है सो सत्य है, ऐसी बाल विधवा तथा पुत्री उसके द्रव्यपर तुम्हें इस
प्रकारकी दानत करना योग्य नहीं. ये पंच तुम्हें कहते है कीं उसका
लेना हमे पंचोंके बीचमें ला दो या उसे देना कबूल करो और उस-
